तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री

न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 13 जून 2025



12 केंद्रीय राज्यमंत्री ने केंद्र सरकार की गिनवाई उपलब्धियां






13 बरसात से पहले नालियों की हो रही साफ-सफाई






## खबर संक्षेप

### चंडी मंदिर चौक में बेच रहा था गांजा, गिरफ्तार



**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत चंडी चौक मठपारा में गांजा बेचते दिनेश सारथी (45 वर्ष) को पुलिस ने पकड़ा। उसके विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि घटना स्थल पर दिनेश गांजा बेच रहा है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। उसके पास से 01.80 किलोग्राम गांजा कीमत करीब 8400 रुपए जब्त की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### ट्रांसपोर्ट नगर में हेरोइन के साथ युवक पकड़ाया



**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने गुरुवार तड़के हेरोइन के साथ इंदिरा चौक निवासी दीपक पिता मन्नुराम शाह (35 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 5.30 ग्राम हेरोइन जब्त किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि लाल टी शर्ट और बरमुड़ा पहने एक युवक सिद्धी बैटरी दुकान के सामने नहर किनारे ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाली रोड पर नशीला चिट्टा बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिमक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए बन रही अनुकूल परिस्थिति

# पारा 38.6 डिग्री, 48 घंटे में बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पिछले 12 दिनों से मानसूनी बारिश नहीं होने से गर्मी फिर से झुलसाने लगी है। गुरुवार को प्रदेशभर में ट्विनसिटी सबसे ज्यादा तपा। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से पार चला गया। पारा 38.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। अचानक इतनी ज्यादा गर्मी बढ़ जाने की वजह से लोगों को जून महीने के दूसरे सप्ताह के पूरे दिन भीषण गर्मी का एहसास हुआ। खासकर उमसभरी गर्मी लोगों को परेशान करने लगी है। यह मौसम लोगों के सेहत पर भी असर डाल रहा है। जिसकी वजह से अस्पतालों में सीजनल मरीजों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़ गई है।



### मानसून बढ़ने की बन रही अनुकूल स्थिति

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि अगले 48 घंटे में दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना है। एक द्रोणिका पंजाब के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और उससे लगे दक्षिण उड़ीसा के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह दक्षिण पश्चिम दिशा में ऊंचाई के साथ झुका हुआ है। एक द्रोणिका उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और उससे लगे उड़ीसा के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से तटीय कर्नाटक तक छत्तीसगढ़, मराठवाड़ा, अंदरूनी कर्नाटक होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 62 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है।

### आज कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में 13 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने तथा उत्तरी भाग में मामूली गिरावट होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रह सकता है । उत्तर छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है ।

### अस्पतालों में मौसमी बीमारी के 20 प्रतिशत मरीज बढ़े

मौसम का यह हालात लोगों का सेहत बिगाड़ रहा है। सरकारी अस्पतालों व निजी क्लिनिकों में सीजनल मरीजों की भीड़ इन दिनों 20 प्रतिशत बढ़ गई है।

जिला अस्पताल , सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर निजी क्लिनिकों में मरीज बढ़े हैं। चिकित्सकों के मुताबिक लोगों को पेट दर्द, बदन दर्द, फीवर जैसी समस्याएं आने लगी है। कई लोगों में डायरिया की शिकायतें भी आ रही है। मौसम में बदलाव की वजह से इस तरह की समस्याएं लोगों को घेर रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी आम दिनों में 600 की है लेकिन इन दिनों 720 मरीज पहुंच रहे हैं।

सिविल अस्पताल सुपेला की ओपीडी सामान्य दिनों में 550 की रहती है लेकिन इन दिनों 600 से ज्यादा हो गई है। इसी तरह सभी सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में मौसमी बीमारी को लेकर ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। गली मोहल्लों में चल रहे क्लीनिकों की मरीजों की भीड़ देखी जा सकती है।

### कूलर, एसी ने किया काम करना बंद

उमस और चिपचिपाहट भरी गर्मी की वजह से न एसी काम कर रहा है और न ही कूलर। दिन में हो या फिर रात में ऐसी स्थिति बनी हुई है। लोगों ने बताया कि कूलर और एसी के साथ पंखे भी पूरी स्पीड से चलाना पड़ रहा है। उसके बाद भी गर्मी से राहत जैसी स्थिति नहीं है। जिससे चिड़चिड़ाहट जैसी मनोदशा भी देखी जा रही है।

# मासूम को कुत्ते ने नोंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ पार्षदों की शिकायत का भी असर नहीं, दहशत में रहवासी

भिलाई-तीन के गांधीनगर वार्ड निवासी ढाई साल के एक मासूम को आवारा कुत्ते ने नोंच खाया। आवारा कुत्ते ने मासूम को कई जगहों पर काटा। मासूम शिवांश की हालत गंभीर बताई गई है। उसके पिता विनोद धुरी और मां रीता धुरी ने घटना की जानकारी दी है। इधर शहर में आवार कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ते जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय पार्षदों द्वारा शिकायत भी की गई है, लेकिन शिकायत को अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया है। शिवांश शाम को घर के पास गली में खिलौने वाली तीन चकिया गाड़ी चलाकर खेल रहा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया। कुत्ते के अचानक हमला बोलने से शिवांश अपनी खिलौना वाली गाड़ी से गिर पड़ा। उसके गिरते ही कुत्ता उसे नोंचने लगा। कुत्ते को भगाया, लेकिन तब तक कुत्ता शिवांश को नोंचकर गंभीर रूप से घायल कर चुका था। पूर्व पार्षद लावेश मदनकर ने कहा कि सुशासन शिविर में शिकायत की गई थी। कोई कार्रवाई नहीं हुई।






# टूर एंड ट्रेवल की फ्रेंचाइसी दिलाने के नाम पर 45 लाख की ठगी

**भिलाई।** स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत नेहरूनगर निवासी टीवी जय प्रदीप पिता आरटी पनिकर (49 वर्ष) से टूर एंड ट्रेवल की फ्रेंचाइसी दिलाने, ज्यादा लाभांश दिलाने का झांसा देकर 45 लाख रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने रामदास नगर कडलू कसरगोड़ निवासी नागेश पिता जर्नादन (52 वर्ष) और उसकी पत्नी आरती को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध एक अपराध बालोद और एक बेंगलुरू कर्नाटक में भी दर्ज है। पुलिस ने बताया कि मामले में जय प्रदीप ने 6 सितंबर 2022 को घटना की जानकारी दी थी। उसने बताया था कि लेट्स ट्रेवल फ्री के नाम से आफिस सूर्या माल जुनवानी में संचालित था। इसके संचालक नागेश कुमार एवं आरती ने लोगो को टूर एण्ड ट्रेवल के नाम एवं फेंचाईसी के साथ अन्य स्कीम बताकर ज्यादा लाभांश का लालच दिया। प्रलोभन देकर योजनाबद्ध तरीके से 45 लाख रुपए ले लिए। आरोपियों ने रामकिशोर सिंह से 10.40 लाख, इन्द्रजीत कौर से 80 लाख, विवेक विश्वकर्मा से 10.40 लाख, इन्द्रजीत गुलाटी से 2 लाख सहित अन्य लोगों पैसे लेकर धोखाधड़ी की। दोनों के एक अन्य मामले में बालोद जिले में निरुद्ध होने की जानकारी के बाद उन्हें दुर्ग लाया गया।

# पीएम आवास की लाटरी 17 को

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की खुली लाटरी पद्धति का आयोजन 17 जून को रखा गया है। जिसमें मोर मकान-मोर चिन्हारी एवं मोर मकान-मोर आस घटक से निर्मित मकानों का आबंटन होना है। जो हितग्राही पूर्व से आवेदन कर चुके है और मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किए है। उन्हे निगम मुख्य कार्यालय सभागार में समय दोपहर 3:30 बजे लाटरी निकाली जाएगी।




# उद्योगों की जांच करने युवाओं को करेंगे प्रशिक्षित, मिलेगा डेढ़ हजार तक स्टाइफंड

अंतराष्ट्रीय स्तर की डिमांड को पूरा करने के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा युवाओं की फौज खडी करने की मुहिम चला रही है। इस मुहिम के तहत प्रदेश के जिलों से युवाओं को प्रशिक्षण करने का क्रम शुरू कर दिया गया है। युवाओं को प्रशिक्षण देने के बाद वे एमएसएमई (छोटे उद्योग) से प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिसके बाद वे राज्य स्तर पर तय किए गए 22 पैरामीटर के अनुसार उद्योगों की जांच करेंगे। प्रशिक्षित होने के बाद युवाओं को आईडी भी जनरेट किया जाएगा। प्रशिक्षित युवा जिले स्तर पर स्थित उद्योगों की जांच बाईस पैरामीटर पर करेगें। जिसमें उद्योग में उत्पादन, लोकल स्टर की मांग व प्रोडक्शन का पूरा डाटा लेगें। इस डाटा को जिले से राज्य फिर राज्य से केन्द्र सरकार को भेजी जाएगी। अफसरों ने बताया कि, प्रशिक्षण के लिए युवाओं को ग्रेजुएट व तकनीकि ज्ञान होने की पात्रता निर्धारित की गई है। केंद्रीय सरकारी बैंक दुर्ग के सभागार में 13 जून शुक्रवार को दोपहर 11 बजे भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली के तत्वाधान में युवाओं के लिए निशुल्क शिक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।




## केन्द्र सरकार की सहकारिता मंत्रालय चल रही मुहिम, आज प्रशिक्षण

### प्रत्येक उद्योगों की जांच पर मिलेगी राशि

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में किसी भी ट्रेड में ग्रेजुएट एवं इंजीनियरिंग उत्तीर्ण या अंतिम परीक्षा में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षित युवाओं को नई दिल्ली के विशेषज्ञ ऑनलाइन देंगे एव एम.एस.एम.ई से संबंध उद्योगों को जेडईडी का निशुल्क प्रमाण पत्र दे सकते हैं। उन्हें प्रदेश के उद्योगों में जाकर संपूर्ण जानकारी नई दिल्ली स्थित भारतीय गुणवत्ता परिषद को जानकारी देना होगा। प्रत्येक उद्योग की जांच पर केंद्र सरकार की ओर से 1000 से लेकर 1500 तक मानदेय दिए जाने की व्यवस्था है।

**प्रशिक्षण आज**

अंतराष्ट्रीय स्तर पर डिमांड पूरा करने के उछेश्य से युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित होने के बाद उन्हें प्रति उद्योग के निरिक्षण के लिए स्टायफंड राशि दी जाएगी।

**-गणेश साहू,** डिविजनल कोर्डिनेटर दुर्ग

### प्रशिक्षण के बाद होगी परीक्षा

अफसरों ने बताया कि, युवा वर्ग इस तरह सीधे रोजगार से जुड़कर हर माह 15 से 30 हजार तक रुपए कमा सकते हैं। ऑनलाइन प्रशिक्षण नई दिल्ली से वीडियो के माध्यम से दिया जाएगा। जिसमें मी उद्योग एवं भारतीय परिषद की जानकारी एवं स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे तथा युवाओं को जोड़ने कल का आह्वान करेंगे। नई दिल्ली से प्रशिक्षित इंजीनियर पंकज उमबरे युवाओं को प्रशिक्षण देंगे, दूसरी बार प्रशिक्षण के बाद नई दिल्ली से ऑनलाइन परीक्षा होगी। युवाओं के प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड दिए जाने जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### संत कबीर जयंती पर वोरा ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

दुर्ग। अद्भुत समाज सुधारक, महान संत कबीरदास जी की जयंती के अवसर पर आज कुशाभाऊ ठाकरे भवन, दुर्ग में माणिकपुरी समाज द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने समारोह में उपस्थित होकर संत कबीर साहेब जी को कोटिशः नमन किया। वोरा ने साहेब बंदगी के जयघोष के साथ समाजजनों के बीच संत कबीर जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि "जात-पात के बंधनों से ऊपर उठकर मानवता की सेवा" संत कबीर साहेब का यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है और समाज को प्रेम, भाईचारा व समरसता की ओर ले जाने वाला है। कार्यक्रम में अरुण वोरा ने प्रसाद वितरण में सहभागिता भी निभाई और समाज के वरिष्ठजनों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कहा कि, संत कबीरदास जी के 'सबद' और 'साखियां' समाज को जागरूक करने का कार्य करती हैं और आज के समय में उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### कामरेड अल्ट्रा मैराथन के फिनिशर बने उमेश

राजनांदगांव। साउथ अफ्रीका में आयोजित कॉमरेड अल्ट्रा मैराथन में शहर के उमेश काकिरवार ने 90 किलोमीटर की रेस 11 घंटे 42 मिनट में पूरी कर प्रदेश का पहला कॉमरेडस अल्ट्रा मैराथन फिनिशर होने का गौरव हासिल कर लिया है। राजनांदगांव रनर्स की टीम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते उक्त जानकारी दी। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान उमेश काकिरवार ने बताया कि बीते 8 जून को यह कॉमरेडस अल्ट्रा मैराथन दक्षिण अफ्रीका में आयोजित की गई थी। जिसमें 60 देश के 26 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने बताया कि इस मैराथन में वह छत्तीसगढ़ प्रदेश से अकेले धावक थे। इस मैराथन में 90 किलोमीटर दौड़ पूरी करनी थी, जिसे उन्होंने 90 किलोमीटर की दौड़ 11 घंटे 42 मिनट 37 सेकंड में पूरी की।

### जिला कोसरिया यादव समाज की बैठक 15 को

राजनांदगांव। जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव की विशेष सामाजिक बैठक 15 जून को जिला मुख्यालय कौरिनभाठा राजनांदगांव में सुबह 11 बजे से जिला अध्यक्ष कंसुराम यादव की अध्यक्षता में आयोजित है। बैठक में जिला, तहसील व सर्किल प्रमुखों के साथ युवा एवं महिला मंडल के अध्यक्ष एवं सचिवों की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी दुर्गाप्रसाद यादव ने दी।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)**
**प्रेम-विज्ञापन**
**विषयः- स्थल जांच बाबत।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ.क्र. क्यू दिनांक 15/05/2025 के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 17, भूमिस्वामी श्री/श्रीमती कौशिल्या नागवंशी पति स्व. भाउदास नागवंशी निवासी शंकरनगर दुर्ग द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 45/19, रकबा 0.018 हे. जिसकी सीमा उत्तर में टण्डन की भूमि दक्षिण में रास्ता पूर्व में फगुवा की भूमि तथा पश्चिम में रास्ता है। का सीमांकन दिनांक 18/06/25 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 1.30 बजे किया जावेगा कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक- 11/06/2025
राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं.-सिकोला

## खेती किसानी के पहले ही चिंता में डूबे किसान, दे रहे विकल्प की सलाह

# बोआई से पहले पहुंची नाममात्र की डीएपी, सब बंट गए, सोसायटी खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

*खेती किसानी के शुरूआती दौर में ही जितना डीएपी का कोटा जिले को मिला, सब बांट दिए गए है। हालात यह है कि, वर्तमान में सोसायटियों के दाम खाली हो गए है। वही किसान सोसायटियों से मासूय लौट रहे है। किसानों को यह भी नही बताया जा रहा है कि, फिर से डीएपी खाद पहुंचेगा या नही, ऐसी स्थिति में किसानो के सामने संकट की स्थिति निर्मित हो गई है।*

जानकारी अनुसार पिछले साल 14915 टन डीएपी का वितरण जिले में किसानों को किया गया था। जबकि इस बार डिमांड घटा दिया गया है। इस बार सिर्फ 5267 टन डीएपी भंडारण का टारगेट रखा गया है। बहरहाल डिमांड के अनुसार डीएपी का भंडारण होने के बाद वितरण भी हो चुका है। वर्तमान में सोसायटी में डीएपी खाद की जबरदस्त शार्टेज की स्थिति निर्मित हो गई है। जिले के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) खाद की भारी कमी देखी जा रही है। खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले ही किसान खेतों की तैयारी में जुटे हुए हैं, लेकिन खाद की अनुपलब्धता ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शुरूआत में डीएपी खाद का उपयोग जरूरी होता है। लेकिन सोसायटियों में इसकी उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं। कुछ क्षेत्रों में लंबी कतारों के बावजूद खाद नहीं मिल पा रहा है, जिससे आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



### मिल रही सोसायटी से सिर्फ नगदी राशि

सोसायटी में रकबा के लिमिट अनुसार चालीस फीसदी खाद वितरित किया जाता है। लेकिन खाद तो नही किसान साठ फीसदी नगद कर्ज लेकर लौट रहे है। जानकारी अनुसार जिले में 80 फीसदी किसानों को अभी भी डीएपी खाद नही मिल पाई है। राज्य शासन के कृषि महकमा द्वारा डीएपी खाद का शार्टेज अंतराष्ट्रीय स्तर पर बताकर टारगेट भी घटा दिया गया है। पिछले साल जिले में 14915 टन डीएपी का वितरण किया गया था। लेकिन इस बार आधे से भी कम टारगेट निर्धारित किए जाने से जिलेभर में डीएपी खाद पूरी तरह से ड्राई हो गया है। ग्राम अंचल के किसान राजेश नेताम ने बताया, "पिछले कई दिनों से सहकारी समिति और दुकानों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन डीएपी खाद नहीं मिल रही। हमें बोवनी करनी है, लेकिन खाद के बिना खेती कैसे शुरू करें।

### खेती किसानी पिछड़ने की सता रही चिंता

कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि, राज्य स्तर से सीमित मात्रा में खाद की आपूर्ति हो रही है, जिसके कारण अस्थायी रूप से किल्लत बनी हुई है। कृषि विभाग के अफसरों का कहना है कि, जल्द ही नई खेप आने की खेप की डिमांड की जाएगी। किसानों ने आरोप लगाया है कि, कुछ स्थानों पर डीएपी खाद की कालाबाजारी हो रही है, जिससे स्थिति और बिगड़ रही है। यदि जल्द ही खाद उपलब्ध नहीं हुई, तो समय पर बोनी न होने से फसल उत्पादन पर बुरा असर पड़ सकता है।

### वितरण हो चुका

पिछले साल की अपेक्षा टारगेट कम किया गया है। अब तक जितना डीएपी का भंडारण किया गया था, उतना जिले में वितरण भी हो चुका है। शार्टेज जिले में नही बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर है।

**-भौमिक बघेल,** डीएमओ दुर्ग

### विकल्प में गुणवत्ता नहीं

डीएपी में फास्फोरस की मात्रा 46 प्रतिशत होती थी, जबकि सोसायटी में विकल्प के तौर पर बांटे जा रहे एनपीके में फास्फोरस सिर्फ 20 प्रतिशत है। इससे 30 प्रतिशत तक कम पैदावार होगा।

**-राकेश ठाकुर,** जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस पार्टी

## कल से पांच सौ स्कूल बसों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों चालकों पर परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए उनके चालक लायसेंस को निलंबन किया गया है। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों पर यातायात विभाग, पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए परिवहन विभाग को मोटरयान अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अध्ययधीन यातायात नियमों का उल्लंघन पर कड़ी कार्यवाही की गई है। साथ ही उनके चालक लायसेंस को आगामी 3 माह के लिए निंलबित किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के अनुसार प्रमुख रूप से दुर्घटनावश मृत्यु 2, नशे में गाड़ी चलाना 53, तेज़ गति 68, लाल बत्ती पार करना 9, मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल 35, बिना हेलमेट 15 और अन्य 27 चालक शामिल है। इसी प्रकार शिक्षण सत्र प्रांरभ होने के पूर्व निर्धारित 14 बिन्दुओं पर जिला के शैक्षणिक संस्थानों के स्कूल बसों को निरीक्षण, परीक्षण एवं चालक, परिचालकों को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जांच शिविर 14 एवं 15 जून 2025 को प्रातः 8 बजे से सेक्टर 06 भिलाई में आयोजित की गई है। जांच शिविर में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा। जिससे क्षैणिक कार्य एवं स्कूली छात्र-छात्राओं का सुरक्षित आवागमन हो सके।

- यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी गई जानकारीः दुर्ग।** विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम बेल्हारी में कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा (अ) दुर्ग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉक्टर ललिता रामटेके ने मिट्टी परीक्षण के महत्व, धान की कतार बुवाई, बीज उपचार, स्वस्थ बीज की पहचान, कृषि में उपयोग होने वाले कृषि उपकरण, टपक सिंचाई पद्धति, मशरूम उत्पादन तथा कृषक महिलाओं से फल एवं सब्जियों के तुड़ाई के बाद भण्डारण व प्रसंस्करण के विषय पर चर्चा की गई।

## दस क्विंटल चावल पकड़ाया सरकारी होने की आशंका




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

चावल की तस्करी करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकडा है। अप्पे वाहन के जरिए सेक्टर छः से किसी शुभम जैन के यहां से लोड कर ले जाया जा रहा था। इस चावल को अंडा स्थित मीनाक्षी राईस मिल में ले जाने की जानकारी सामने आई है। चावल की खेप पकडे जाने के बाद फूड विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है, वही सैंपल भी जब्त कर लिया गया है। आशंका जताई जा रही है कि, यह सरकारी राशन दुकान का चावल है। बहरहाल सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। खाद विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलगांव में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा दस क्विंटल चावल करीब बीस कट्टा पकडे जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर खाद विभाग की टीम पहुंची। खाद निरीक्षक रेनू जांगडे ने बताया कि, वाहन नंबर सीजी 07सीए 2164 के वाहन चालक सनद यादव ने बताया कि, चावल सेक्टर छः स्थित शुभम जैन का है। जिसे लोड कर अंडा स्थित लक्ष्मी राईस मिल ले जा रहा था। इस तरह सरकारी राशन दुकानों के चावल को कस्टम मिलिंग के लिए खपाया जाने की लगातार शिकायत आ रही है। जिलेभर में पिछले लंबे समय से इस तरह की शिकायते भी सामने आई है।

- बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा वाहन, थाने में किया गया जप्त

### नान ने लिया मौके से सैंपल

फूड विभाग के अफसरों ने बताया कि, चावल को अंडा के लक्ष्मी राईस मिल में ले जाया जा रहा था। बहरहाल नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टरों द्वारा सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। खाद नियंत्रक श्री अतरी ने बताया कि, रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि, चावल सरकारी हैं या नहीं।

## विस अध्यक्ष ने किया कैलेंडर का विमोचन...



दुर्ग। सेवा कैलेंडर 2025 विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विमोचित ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के सचिव दिलीप ठाकुर द्वारा ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के प्रकाशन से अपने सेवा एवं रचनात्मक कार्य के अंतर्गत मुख्य एवं महत्वपूर्ण कार्यों की प्रस्तुति के लिए एक टेबल कैलेंडर का विमोचन छत्तीसगढ़ शासन के विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के द्वारा विमोचन करवाया गया। ज्ञातव्य हो कि श्री ठाकुर 30 वर्षों से ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति श्री सत्य साई सेवा समिति और जिला चिकित्सालय के जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य के रूप में सक्रिय और उल्लेखनीय भूमिका में है। विमोचन अवसर पर ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष सीता राम ठाकुर और केंद्रीय गोंड महा सभा धमधागढ़ के महासचिव नीलकंठ गढ़े विशेष रूप से उपस्थित थे।

## दिव्यांगजन शिविर में 49 का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में निवासरत ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनवाया हो तथा ऐसे दिव्यांजन जिसका प्रमाण पत्र बना हुआ है किन्तु उक्त प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है, के लिये उनकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग दुर्ग एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग के समन्वय से 12 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगपुरा विकासखण्ड दुर्ग में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण, चिन्हांकन, मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित शिविर में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र से कुल 49 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। पंजीकृत दिव्यांगजनों का जिला चिकित्सालय दुर्ग के चिकित्सक अस्थिबाधित विशेषज्ञ डॉ. आर.के. नायक, नेत्र बाधित विशेषज्ञ डॉ. बी.एन. वाहने तथा श्रवण बाधित विशेषज्ञ डॉ. रेणु तिवारी द्वारा परीक्षण कराया गया। जिसमें से 18 दिव्यांगजन पात्र पाये गये 28 लोगों को मशीन से परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय दुर्ग रेफर किया गया है तथा 3 दिव्यांगजन अपात्र पाये गये। शिविर में सुश्री प्रिया साहू सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, कुलेश्वरी देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, सरोज रीगरी सरपंच ग्राम पंचायत नगपुरा, ललिता सरपंच ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी उपस्थित रही। समाज कल्याण विभाग दुर्ग के शिविर प्रभारी जंतराम ठाकुर, विनय तिवारी व अन्य कर्मचारी तथा पंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बेरोजगारों को व्यवसाय शुरू करने दिया जाएगा ऋण

दुर्ग। जिले के बेरोजगारों को खुद का व्यवसाय शुरू करने जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. दुर्ग द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग अंतर्गत बैंक प्रवर्तित अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत छोटे-छोटे व्यवसायियों को अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सकेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति दुर्ग से मिली जानकारी के अनुसार आवेदक किसी भी प्रकार का वैध व्यवसाय जैसे खोमचे, पान दुकान, मोटर सायकिल रिपेयरिंग, टेलरिंग, सिलाई मशीन, मोची दुकान, गुपचुप ठेला, सब्जी धंधा आदि छोटे-छोटे व्यवसाय संचालित करने हेतु अंत्योदय एवं आदिवासी योजनान्तर्गत ऋण हेतु आवेदन कर सकते है।

## कहा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में होगी अहम भूमिका

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने केंद्र सरकार की गिनवाई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू गुरुवार को दुर्ग पहुंचे। यहां उन्होने जिला भाजपा कार्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के 11 साल के कार्यकाल पूर्ण होने पर केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने चर्चा में कहा कि, केन्द्र सरकार का 11 साल का कार्यकाल स्वर्णिम कार्यकाल रहा है। यह कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है।

इस कार्यकाल में कई बड़े संकल्प लिए गए। जो संकल्प सिद्धि की ओर आगे बढ़े है। इसलिए कहा जाता है कि, मोदी है तो मुमकिन है। केन्द्र सरकार द्वारा अनेक योजनाओं और महत्वपूर्ण निर्णय से 11 साल के कार्यकाल में देश को संवारने कार्य किया गया है। मोदी सरकार की हर योजना के केन्द्र में जन कल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नया आयाम देने की भावना रही है। बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने न केवल देश की सीमा सुरक्षित की, बल्कि अर्थव्यवस्था को मजबूत किया और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया। आज हमारा भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने के करीब है। श्री साहू ने एक सवाल के जवाब में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भाजपा ने ही किया है और हमने ही राज्य को संवारा है। प्रदेश में 3 करोड़ पीएम आवास बनाए गए है। जिसमें 2 करोड़ ग्रामीण एवं 1 करोड़ शहरी क्षेत्र में निर्माण करवाए गए है। इसके लिए हमने विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। हम पीएम मोदी के नेतृत्व में ऐसा भारत का निर्माण करने जा रहे है। जहां प्रत्येक भारतवासी के विकास की आकांक्षा पूरी होगी। इस दौरान सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, महापौर अलका बाघमार, प्रदेश तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, भाजपा प्रवक्ता दिनेश देवांगन, भाजपा नेता अजय तिवारी, दिलीप साहू, नारायणदत्त तिवारी, सरिता मिश्रा भी मौजूद रहे।




### भारत शक्तिशाली बनकर उभरा

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त निर्णय के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों व एयरबेस को ध्वस्त कर यह दिखा दिया कि, अब मोदी का यह नया भारत सिर्फ शांति की बाते नहीं करता है, बल्कि घर में घुसकर आतंक को मिट्टी में मिला देता है। भारत अब न केवल आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति के रुप में उभरा है, बल्कि रक्षा उपकरणों का निर्यात करने वाला देश भी बन गया है।

### माओवादी ताकतों को दिया बढावा

60 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी की वोट बैंक की राजनीति के कारण माओवाद जैसी देशद्रोही ताकतों को बढ़ावा मिला। नक्सलवाद पर पीएम मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ समेत देशभर में जिस तरह से कार्यवाही हो रही है। उससे जल्द देश माओवाद से मुक्त हो जाएगा। इसके अलावा केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने केन्द्र सरकार की अन्य उपलब्धियां गिनवाते हुए 11 साल के कार्यकाल को बेमिशाल बताया है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाए पौधे, सहेजने का उठाया जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गनियारी में आयोजित लोकार्पण समारोह में दुर्ग सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर विधिवत पूजा-अर्चना कर विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया एवं उन्हें जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर सामुदायिक मांगलिक भवन, पंचगैहा निषाद समाज सामुदायिक भवन तथा हाट बाजार चबूतरे का लोकार्पण किया। साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है वो कर दिखाती है। देश में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। विकसित भारत संकल्पित भारत के सपने को हम सब को मिल जुलकर पूरा करना है। आपके गांव व क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य होंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरीश साहू, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम शर्मा, सरपंच संतोष साहू, उपसरपंच कीर्तन साहू, पूर्व सरपंच पुष्पा ठाकुर, सचिव भोजकुमारी वैष्णव, बीरबल साहू, बाबूलाल धनकर, विष्णु यादव, निलेश्वरी, रेखा राम साहू, दुर्गा बाई, दुर्गेश्वरी साहू, तारिणी साहू, वीरेंद्र कुमार धनकर, कन्या बाई ठाकुर, लोकेश्वरी साहू, पोलेश्वरी साहू, कीर्तन कुमार साहू, गिरजा साहू, सतरूपा यादव, गायत्री, जीतू साहू, रेणुका, संतोष आदिल, विनोद साहू, लाभचंद साहू, भू-भारती, कुलेश्वर साहू एवं विनोद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सामुदायिक भवन व हाट बाजार चबूतरा का लोकार्पण कर जनता को दी सौगात




### प्रदेश में 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रही महतारी वंदन की राशि

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में पैसों की कमी नहीं होगी। आपके गांव में जो भी विकास का काम है उसको प्राथमिकता क्रम में पूरा करेंगे। आने वाले समय में आपके गांव में विकास दिखेंगे। आगे श्री चंद्राकर ने कहा देश में किसी की गारेंटी चलती है तो वो मोदी की गारेंटी चलती हैं। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकार बनने के बाद हमने पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति दी। छत्तीसगढ़ में 70 लाख माताओं- बहनों को महतारी वंदन की राशि दी जा रही है।हम 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### छात्रों ने रचनात्मक गतिविधियों से गर्मी की छुट्टियों को सार्थक बनाया

**पाटन।** शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी संकुल केंद्र-बठेना विकास खंड-पाटन जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ के कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों ने इस वर्ष गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक गतिविधि से सार्थक बनाया। बच्चों ने खाली समय में गीत, कविता लेखन ,कहानी, और कल्पना के रंगों से शानदार चित्रकला बनाए, इसके साथ पाठ्य पुस्तकों के पठन कर ज्ञानार्जन भी किया। विद्यालय के प्रधानपाठक विरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को गर्मी छुट्टी के समय को सृजनात्मक ढंग से बिताने के लिए घर घर जाकर प्रेरित किया गया। प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार ने कहा कि रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऐसे प्रयास बच्चों में कल्पना शक्ति,भाषा कौशल तथा आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। यह देखकर प्रसन्नता होती है कि हमारे बच्चे सीखने के साथ-साथ सृजन में भी रुचि ले रहे हैं। कुछ बच्चों को ड्राइंग बुक, कलर पेंसिल दिया गया है। विद्यालय खुलने के बाद सभी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## निधन

### देवेंद्र नायक



**दुर्ग।** बैगापारा वाले जो कि अभी वर्तमान में अंडा में निवासी देवेंद्र नायक (पप्पू) का निधन 12 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम अंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे संत नायक के पुत्र थे।

### दीपा सोनी



**पाटन।** आजाद चौक पाटन निवासी दीपा सोनी उम्र 40 वर्ष निधन 12 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 जून को पाटन के मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे किशोर कुमार सोनी की बहू, विशाल सोनी की पत्नी थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## मानिकपुरी पनिका समाज ने मनाया कबीर प्राकट्य दिवस

# कबीर के दोहे हैं प्रासंगिक, उनके बताए मार्ग पर चलने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

मानिकपुरी पनिका समाज परिक्षेत्र चूलगहन के तत्वावधान में ग्राम जरवाय में कबीर प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह 11 बजे शोभायात्रा ग्राम भ्रमण कर दोपहर 1.30 बजे चौका आरती महंत गन्नुदास साहेब द्वारा संपादित कर भोजन प्रसादी वितरण किया गया।

विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने सदगुरु कबीर दास साहेब का वंदन करते हुए कबीर के दोहे आज भी प्रासंगिक है, उनके बताए हुए मार्ग पर हमें चलना चाहिए। मानिकपुरी पनिका समाज का गौरवशाली इतिहास का निर्वहन वर्तमान पीढ़ी के लिए अनमोल धरोहर है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सर्व समाज के हित में सामाजिक भवन, पुरखौती कार्य, धरोहर, संस्कृति, परंपरा को बढ़ावा देने का काम किए थे।

परिक्षेत्र मानिकपुरी पनिका समाज के भवन में किचन शेड की मांग पर जनपद पंचायत पाटन के उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा ने स्वीकार करते हुए जल्द पूरा करने का आश्वासन दिए। तहसील अध्यक्ष रामदास मानिकपुरी ने 12 ग्रामों का परिक्षेत्र समाज के लोगों को एकजुटता का परिचय देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि यशवंत साहू सरपंच जरवाय, रविशंकर पाटिल उपसरपंच, शिवकुमार साहू पूर्व सरपंच, सोमनाथ साहू शामिल हुए।

इस अवसर पर परदेसी राम मानिकपुरी परिक्षेत्र अध्यक्ष, गोकुलदास मानिकपुरी उपाध्यक्ष, हिम्मत दास मानिकपुरी, गिरधर दास मानिकपुरी, भगत दास बघेल, पुरुषोत्तम धनकर, नोहरदास, भानुदास, दिलीप दास, हीरा दास, मंगलू दास, पवन साहू, श्याम लाल साहू, संतराम साहू, पवन साहू, दशरथ बैगा, झाड़ू साहू, केवलदास मानिकपुरी, रामनाथ, कुंभकरण यादव, परदेशी निर्मल सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### किचन शेड निर्माण की मांग को पूरा करने दिया आश्वासन



### निकुम में कबीर प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया

**निकुम।** नवजागृति मंडल व अमीन माता महिला मंडल व समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वावधान में कबीर प्रकट उत्सव साहेब के धरती पर प्रकट होने के उत्सव ज्येष्ठ महीने के पूर्णिमा पर 11 जून को कर्मा माता साहू समाज भवन में धूमधाम से मनाया। इस उत्सव में मूलसंध्या पाठ प्रवचन, भजन, सत्सग और चौका आरती कर कबीर वाणी की अमृत वशर के माध्यम से श्रध्दालु, सदगुरु कबीर की आत्मिक शांति प्राप्त किया। इस अवसर पर गुरुदेव प्रकाश मुनि नाम साहेब व वंषाचार्य कबीर पंथ श्रीउदितमुनि नाम साहेब सहित सभी कबीर पंथ गुरुओ को स्मरण की मंगल आरती उतारी है वही बाइक रैली निकाली गई । इस अवसर पर चेतन दास साहू, मिलामदास, तुलेश्वर साहू, प्रीतपाल भारती, मुकेश साहू, ढाल सिंह भारती व अमीन माता महिला मंडल निकुम निर्मला साहू, संजना साहू, रम्हला साहू, ललिता साहू आदि उपस्थित थे।



# बरसात से पहले नालियों की हो रही साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

ग्राम पंचायत अंडा में नाली की साफ-सफाई में जुटी हुई है। वहीं इस वर्ष बरसात का मौसम भी बहुत जल्द आने की उम्मीद है। ऐसे में अंडा पंचायत अभी से अपनी तैयारियों में जुट गई है। बरसात के मौसम से पहले ही गांव के नालियों की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। गांव में बने नालियों की सफाई की जा रही है। जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, पंचायत सचिव रूपेश सिंह ने इसके लिए मनरेगा मजदूरों को लगाया गया है। जिससे बारिश के बाद नालियों में जल-जमाव की स्थिति न हो। उन्होंने कहा कि बरसात को देखते हुए गांव में नालियों की साफ-सफाई किए जा रहे हैं। जिससे गांव में गंदगी न फैले और सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने सभी ग्रामवासियों से अनुरोध किया है कि अपने घर का कचरा को जो गांव में महिला समूह कचरे वाले आते हैं उसके डस्टबीन में डाले ताकि गांव स्वच्छ भारत अभियान में आगे आये। गांव में साफ-सफाई रखना सभी की जिम्मेदारी है। गांव का विकास सबका विकास होगा और सब अपने अपने घर के सामने के नालियों में कचरा न डालें।

■ गांव का विकास सबका विकास होगा : सरपंच दिग्विजय

# जरुरतमंद परिवारों को मिला राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

नगर पंचायत पाटन में खाद्य नागरिक आपूर्ति चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सभापति एवं वार्ड क्रमांक 4 अखरा की पार्षद नेहा बाबा वर्मा ने 16 जरुरतमंद परिवारों को राशन कार्ड भेट किया। इस तारतम्य में नेहा बाबा वर्मा ने कहा कि राशन कार्ड, एक छोटा सा कागज़ है लेकिन इसका महत्व बहुत बड़ा है। यह हमें अनाज दिलाता है और हमारे परिवार को सुखी और समृद्ध बनाता है। राशन कार्ड, एक पहचान पत्र है, जो हमें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करता है। राशन कार्ड, एक आशा की किरण है जो हमें बेहतर जीवन की ओर ले जाता है। यह हमें अपने सपनों को पूरा करने में मदद करता है, राशन कार्ड, एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है, यह हमें अपने अधिकारों को जानने में मदद करता है और हमें अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित बनाने में मदद करता है। साथ ही साथ उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि नगर पंचायत पाटन क्षेत्र के किसी भी जरुरत मंद परिवारों का अगर राशन कार्ड नही बन पाया हों तो तो वे मुझे आवश्यक दस्तावेज के साथ अपनी जानकारी पहुंचाए मै सबको शासन की इस महती योजना का लाभ दिलाने के लिए सदैव संकल्पीत हूं और आगे भविष्य में भी रहूंगी।

■ वार्ड 4 अखरा की पार्षद नेहा वर्मा जरुरतमंद लोगों को कर रही मदद



नवीन राशन कार्ड प्राप्त करने वाले हितग्राहियो के नाम इस प्रकार है सत्यवती कंडरा, विक्की कंडरा, सरोज सपहा, शेखर सपहा, जया यादव, अजय यादव, नेहा चक्रधारी, राजेंद्र प्रसाद चक्रधारी, सती साहू, इन्द्रजीत साहू, प्रतिमा वर्मा, सोमनाथ वर्षा, शालिनी भट्ट, दिनेश भट्ट, शकुन नेताम, शशिकांत नेताम, दीक्षा पवार, धनेश्वर पवार, मंजूलता वर्मा, स्व.चमन वर्मा, धनेश्वरी देवांगन, शेखर देवांगन, ऋतु लोधी आदि हैं।

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, राकेश चन्द्र साहू, कृष्ण कुमार धुरंधर, जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार बंछोर, प्रांतीय संगठन मंत्री कुबेर राम देशमुख, नरोत्तम दास माण्डले, राजेन्द्र कुमार चंद्राकर प्रांतीय कोषाध्यक्ष, डॉ बसंत कुमार दास एवं देशबंधु शर्मा संभागीय महामंत्री ने आरोप लगाया है कि युक्तियुक्तकरण के आड़ में शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ना दिया जा रहा है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में युक्तियुक्तकरण के आड़ में 'स्थानांतरण का खेल' चल रहा है।

शिक्षकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। फेडरेशन का कहना है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अधीन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार समय-समय पर प्रकाशित शिक्षा विभाग के सेवा भर्ती पदोन्नति नियमों छत्तीसगढ़ राजपत्र के अनुसूची-एक में कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नियुक्ति प्राधिकारी नहीं हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा भर्ती नियमों छत्तीसगढ़ राजपत्र के नियम-6 में भर्ती के तरीका में प्रकार (क) चयन/सीधी भर्ती (ख) पदोन्नति (ग) स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति (घ)संविलयन द्वारा का उल्लेख है। सेवा भर्ती नियमों के अनुसूची-एक (नियम-5) में नियुक्ति प्राधिकारी अर्थात नियुक्ता का उल्लेख है। उक्त अनुसूची में कलेक्टर अथवा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का उल्लेख नहीं है। युक्तियुक्तकरण का प्रक्रिया स्थानांतरण अंतर्गत आता है। नियमों के अनुसार जिला/विकासखंड स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति में नियुक्ति प्राधिकारी/विभागीय अधिकारी के अतिरिक्त अन्य को अध्यक्ष बनाया जाना असंवैधानिक है। उन्होंने बताया कि प्राचार्य का नियुक्ता राज्य शासन, व्याख्याता का संचालक, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक तथा शिक्षक का संयुक्त संचालक एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला तथा सहायक शिक्षक के लिये जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्ति प्राधिकारी हैं। लेकिन युक्तियुक्तकरण में सेवा संवर्ग पद अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी के द्वारा आदेश जारी नहीं हुआ है। फेडरेशन का कहना है कि राज्य के लगभग सभी जिलों तथा विकासखंड कार्यालयों में तैयार किये गये युक्तियुक्तकरण सूची में व्यापक गड़बड़ी या पक्षपात अथवा नियमों का मनमर्जी व्याख्या करने का मामला उजागर हो रहा है। यहाँ तक कि कैंसर जैसे गंभीर बीमारी, शारिरिक अस्वस्थता से ग्रसित शिक्षकों को दुर्गम स्थानों के विद्यालयों में भेजकर अमानवीय व्यवहार किया गया है। कहीं पर विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक संवर्ग के नियुक्ति का आधार विषय के आधार पर अतिशेष का गणना किया गया है तो कहीं पढ़ाये जा रहे विषय के आधार पर अतिशेष चिन्हांकन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में किया गया है। जिसके कारण निलंबन की कार्यवाही करना पड़ रहा है।



■ यदि शिक्षकों की पदस्थापना गलत है अतिशेष पदस्थापना करने वाले अधिकारी सही हैं? : फेडरेशन

## सबसे बुरा हाल उतई ग्रामीण फीडर की, नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

# अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों को उठानी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

अघोषित बिजली कटौती से आम ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दिन में दो से चार घंटे तक की बिजली गुल रहती है। सबसे बुरा हाल उतई ग्रामीण फीडर का है। बिजली गायब रहने से कई काम काज ठप पड़े हैं। ग्रामीणों के अनुसार शिकायत है कि बिजली सप्लाई बिना कोई सूचना के ही कटौती की जा रही है। बिजली की सप्लाई न मिलने से कई व्यापारी व कई बिजली उपभोक्ता परेशान है। हर समय बिना कोई सूचना के कई घंटों बिजली गुल रहती है। दिन में दो से चार घंटे की अघोषित कटौती से कई नगरवासियों, दुकानदारों व कोचिंग संस्थानों के बिजली उपभोक्ताओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना है कि बिजली विभाग रोस्टर के अनुसार बिजली सप्लाई नहीं कर रहे हैं। एक तरफ गर्मी तो दूसरी तरफ बिजली से संबंधित कई काम काज लोगों का बिजली कटौती से जीना दुश्वार कर दिया है। ऐसे में बिजली का न होना मुसीबत बढ़ा देता है। यही नहीं कभी-कभी सुबह के समय बिजली गुल रहने से पानी की विकट समस्या खड़ी हो गई है। नगरवासियों ने मांग की है कि बिजली की समस्या का समाधान कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई जाए। इसके लिए नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बिजली विभाग उतई को ज्ञापन सौंपा गया है और बिजली आपूर्ति सुविधा में सुधार का निवेदन किया है। सुविधा सुचारू रूप से नहीं की गई तो फिर उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी ।



ज्ञापन सौपने वालो में उतई नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, वार्ड 9 के पार्षद द्वारिका साहू, राकेश साहू पार्षद वार्ड क्र.3, रमशिला नेताम वार्ड क्र 1, डॉ. प्रहलाद वर्मा पूर्व पार्षद, ऋषि साहू पूर्व एल्डरमैन, सुरता सिंह गढ़े पूर्व पार्षद, योगेश मांडले, टीकम डोनडे, मुकेश साहू, तोरण ठाकुर, शुभम बमभोले, तिलक साहू, पुष्पेंद्र साहू, कुलेश्वर साहू, गौरव वाहने आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# निकुम से कोनारी सड़क मार्ग जर्जर, राहगीर हो रहे परेशान

**निकुम।** कोनारी-निकुम सड़क मार्ग जो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी है, 5 साल पूर्ण होने के बाद सड़क की वारंटी खत्म हो गई है, जिसके कारण सड़क मार्ग जर्जर होने के कारण सड़क पर आये दिन दुर्घटना होने से सड़के हादसे लगातार हो रहे हैं। बावजूद जिम्मेदार कुंभ करणीय नींद डूबे हुए हैं। सड़क का संधारण नहीं होने के कारण राहगीरों को हादसे का भय होने से कोनारी-निकुम आकर मजबूरी में 7किमी अधिक दूरी तय कर अंडा से निकुम जाना पड़ता है। दुर्ग से सीधे कोनारी, भरदा, आलबरस से निकुम, मोहंदी पाठ से अर्जुन्दा, देवरीबंगला, राणा खुज्जी बस चलती है इसके बावजूद इस व्यस्त सड़क की सुध लेने वाला कोई नही है। गौरतलब हो कि आगामी 19 जून को निकुम में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा होगी जिसके कारण इस सड़क पर लाखों भक्त का आवागमन रहेगा। वहीं इस आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कई वीवीआईपी नेता पहुंचेंगे, प्रदेश सरकार में भाजपा के सत्ताधीन सरकार होने के बावजूद क्षेत्र के भाजपा के विधायक होने के बावजूद सड़कों का हाल बेहाल है। समय रहते सड़क की मरमत करे, वहीं पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख ने कहा कि क्षेत्र के सड़कों की मरम्मत समय रहते करें लाखों भक्तों की शिव महापुराण में आएंगे।

■ क्षेत्र में भाजपा के विधायक होने के बावजूद सड़कों का हाल बेहाल

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.


# टाउनशिप के साप्ताहिक बाजारों में दस साल बाद भी नहीं बने चबूतरे

## बारिश का मौसम दे रहा दस्तक, फिर होगी व्यावसायियों को दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टरी इलाके में साप्ताहिक बाजारों में सब्जी दुकानों के लिए चबूतरे बनाए जाने की योजना दस साल से ठंडे बस्ते में पड़ी है। इसका खामियाज व्यवसायियों के साथ खरीदारों को भी भुगतना पड़ रहा है । इस मामले में नगर निगम उदासीन बना हुआ है। व्यवसायियों ने जल्द चबूतरा निर्माण कराए जाने की मांग की है।

बीएसपी टाउनशिप में आधा दर्जन सेक्टरों में साप्ताहिक सब्जी बाजार लगते हैं। सेक्टर 1 में शनिवार सेक्टर 7 में गुरुवार, सेक्टर 4 बोरिया मार्केट में मंगलवार व रुआबांधा में शनिवार को साप्ताहिक बाजार भरता है। बाजारों मेंपसरे में सब्जी आदि बेचने में व्यवसायियों की परेशानी को देखते हुए महापौर निर्मला यादव के कार्यकाल में विभिन्न साप्ताहिक सब्जी मार्केट में सब्जी विक्रेताओं के दुकानों मे चबूतरे निर्माण कराने की योजना बनाई गई थी। इनके बन जाने से सब्जी व्यवसायियो के साथ आम ग्राहकों को भी सुविधा होती। व्यवसायियों ने बताया कि बारिश का मौसम करीब है। बरसात होने पर जमीन पर पसरे की सब्जियां भीग जाती हैं। गंदे पानी व कीचड़ की समस्या होती है।



### आवारा मवेशियों का उत्पाद

टाउनशिप के सभी सब्जी बाजारों में आवारा मवेशियों के उत्पाद की एक बड़ी समस्या सालों से बनी हुई है। बाजारों में गाय, सांड व बछड़े भैंस घुसकर दुकानों की सब्जियों को नुकसान पहुंचाते हैं। सब्जी वाले लंबी लाठियां व बांस लेकर बैठे रहते हैं। व्यवसायियों ने बताया कि आवारा आवारा मवेशियों में कई मरखुंडे सांड व गायें भी होती हैं, जिनसे लोगों खतरा बना रहता है। हुडको सेक्टर 1 व सेक्टर 7 में मरखुडे सांड कई लोगों को चोटिल कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### दो दिन के अंदर अच्छी बारिश की संभावना

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में पखवाड़े भर से रूठे मौसम ने करवट ली है। गुरूवार शाम को अचानक मौसम बदला और तेज हवा और गरज-चमक की स्थिति बनी रही। हांलाकि देर रात दुर्ग जिले के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। फिलहाल, दुर्ग जिले को येलो जोन में रखकर 15 जून तक अच्छी बारिश का अंदाजा लगाया गया है। रात की हल्की बारिश ने तपिश को भी कम किया है। गुरूवार को दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रहा है। इसमें एक डिग्री की गिरावट आई है। वहीं न्यूनतम तापमान भी तीन डिग्री नीचे पहुंचा है, जिसके बाद रात का पारा 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि अभी मानसून प्रदेश में सक्रिया नहीं हुआ है। उसे सक्रिय होने में अभी कुछ वक्त और लग सकता है। मानसून को बस्तर से आगे बढ़ने में अभी दो से तीन दिन का समय और लग सकता है। अभी जो बारिश हो रही है वह लोकल सिस्टम के असर से हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में कई मौसमी प्रणालियों के सक्रिय होने से अगले कुछ दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होने वाली हैं।

## निधन

### केए शिवरामन



**भिलाई।** केए शिवरामन उम्र 60 वर्ष का निधन बुधवार रात को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 जून को दोपहर 12.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे आशा शिवरामन के पति, अनीशा के पिता, आर. शाजी और इंटक सचिव राजकुमार के बहनोई थे।

## कलामंदिर में रंग सरोवर ने किया भरथरी वैराग्य की गाथा नाटक का मंचन

# मृगनी ने दिया विरह का श्राप, राजा भर्तहरि के त्याग से पत्नी और मां के साथ तड़पी प्रजा

ए दे घोड़ा रोए घुड़सार मा, घुड़सार मा, अऊ हाथी रोबे हाथीसार मा ए दे रानी दीदी महलों मा रोए, राजा रोए दरबार मा दरबार मा बाई एदे जी...।

### गायन शैली को नाट्य शैली में मंचित देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ की सुवासित माटी की सुरुज बाई खांडे और रेखा देवार जैसी प्रसिद्ध भरथरी गायिकाओं की सुमधुर आवाज में वर्षों से गायन शैली में भरथरी लोक गाथा सुनने वाले भिलाई के लोक कला प्रेमी दर्शकों के लिए आज इस लोकगाथा को नाट्य शैली में देखना एक यादगार अनुभव था। अवसर था रंग सरोवर संस्था बारुका गरियाबंद द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर सिविकसेंटर में आयोजित दो दिवसीय लोकनाट्य उत्सव के पहले दिन लोक नाट्य भरथरी वैराग्य की गाथा के मंचन का। रंग सरोवर के निर्देशक भूपेंद्र साहू के कुशल निर्देशन में पहली बार भरथरी गायन शैली को मंच पर नाट्य शैली में प्रस्तुत इस नाटक को देख दर्शक भावविभोर हो गए। भरथरी गायिका स्व.सुरुज बाई की 76 वीं जयंती पर मंचित इस नाटक में राजा भरथरी की प्रेरक व समृद्ध लोक गाथा को दिखाया गया। नाटक में सिसकते दाम्पत्य की विरह वेदना के करुण स्वर के साथ त्याग,तपस्या और संकल्पित वैराग्य के प्रखर भाव को रुपायित किया गया। कथानक में दिखाया गया कि गुरु गोरखनाथ के आशीर्वादस्वरुप अमृत से चौथेपन (प्रौढावस्था ) में जन्मे उज्जैन के महाराजा भरथरी के 12 बरस की आयु में वैराग्यभाव आने की अपने गुरु की भविष्यवाणी से माता पिता चिंतित रहते हैं। जब राजा भरथरी आखेट के दौरान घोड़े पर जंगल में एक मृग को बांण से मार बैठते हैं तो उसे तड़पता देख बतौर पत्नियां 9 लाख 9 कोरी मृगनियां उन्हें इसी तरह विरह में तड़पने का श्राप देती हैं। इस बीच भर्तहरि की मां गुरु गोरखनाथ से मिलकर उनका विवाह करवा देती हैं। भरथरी के विवाह की पहली रात सोने के पलंग पर बैठने से पलंग टूट जाता है तो रानी हंसती है। हंसने का राज पूछने पर उनकी साली बताती है कि भर्तहरि की पत्नी पूर्व जन्म में उनकी मां थीं। तब राजा भर्तहरि पत्नी को मां मानकर उनसे व अपने गुरु से आशीर्वाद लेकर राजा विक्रमादित्य को राजपाठ सौंपकर सन्यास ले लेते हैं। कैना की भूमिका जागेश्वरी मेश्राम, चंपा चेरी-निधि साहू व रोशनी वर्मा ने निभाई। काला मिरगा का किरदार दीपक ध्रुव, मिरगिन, सिंधू व जागेश्वरी बनीं। कथावाचक बबा अमर सिंह लहरे, और नाती का किरदार उत्तम साहू ने निभाया। नाट्य मंचन के दौरान डॉ. बारले, विनायक अग्रवाल, रजनीश झांजी, प्रदीप शर्मा, नकुल महलवार, परमेश्वर नाग, श्रवण, त्रिलोक तिवारी, शंकर साहू आदि रंगकर्मी मौजूद थे।

### सजीव सैट व लोक संगीत से हुए मंत्रमुग्ध



छग के लोकतत्व, किंवदंतियों व लोक संस्कृति से पिरोये भरथरी वैराग्य की गाथा नाटक के मंचन में निर्देशकीय कसावट के साथ कलाकारों की अभिनयअदायगी भी बखूबी दिखी। आलेख, गीत संगीत भूपेंद्र साहू का था। लोक संगीत व मंचसज्जा जीवंत थी। राजा भर्तहरि का किरदार मिथुन खोटे व रानी फुलवा व मां का चरित्र भावना बाघमारे निभाया। भगवान गोरखनाथ चंद्रहास बघेल व रानी सामदेई भरथरी की साली योगिता मढ़रिया बनीं। मंच सज्जा उत्तम साहू टीम,वेशभूषा भावना दीपक, ध्वनि चेतन साहू, लाइट भूपेंद्र साहू लव और समन्वय पद्मश्री पंथी नर्तक डां. आरएएस बारले का रहा। मंच संचालन नमित साहू व प्रस्तुति प्रबंधन में मलयज साहू व अजय मेश्राम का सहयोग रहा।

### अतिथियों ने की आयोजन की सराहना

नाट्य मंचन के पूर्व मुख्य अतिथि गुंडरदेही के विधायक ने कुंवर सिंह निषाद ने भरथरी गायिका स्व. सुरुज बाई खांडे के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने रंग सरोवर संस्था के नाट्य आयोजन की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति बहुत समृद्ध है। विशेष अतिथि महापौर नीरज पाल और वरिष्ठ साहित्याकार परदेशीराम वर्मा ने नाटक के कलाकारों की प्रतिभा की प्रशंसा की। रंग सरोवर के निर्देशक भूपेंद्र साहू ने अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक धरातल पर भरथरी एक समृद्ध लोकगाथा है,जिसे सिद्धस्त लोकगायिका सुरुज बाई खांडे गायन शैली में गाती थीं। इसे हमने पहली बार नाट्य शैली में मंचित किया है।

# टाउनशिप में बिजली की आंखमिचौली से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ सेक्टर 6 व 7 में आधा घंटा ही नलों में आ रहा पानी

बीएसपी टाउनशिप के कुछ सेक्टरों में बीएसपी कर्मचारी रहवासी अघोषित बिजली कटौती और पेयजल कटौती से परेशान हैं। भीषण गर्मी में इन अत्यावश्यक सेवाओं में कोताही बरतने से लोगों को कई तरह की दिक्कतें हो रही हैं। यूनियनों ने नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक से समस्या के निदान की मांग की है।

पिछले डेढ़ दो महीने से टाउनशिप वासियों पर बिजली को लेकर दोतरफा मार पड़ रही है। बीस दिन पहले अंधड़ व बारिश से दो दिन तक बिजली गुल रह रही थी। इसके बाद अब दो से तीन घंटे तक बिजली बंद रह रही है। सेक्टर 8, सेक्टर 6 व सेक्टर 7 में लोगों को बिजली के साथ पेयजल की भी मार सहनी पड़ रही है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि सुबह दोपहर व रात में बिजली की आंखमिचौली से उमस और गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। सेक्टर 7 में पिछले पंद्रह दिन से सुबह पानी आपूर्ति में बीस से तीस मिनट की कटौती कर दी गई है। पहले पांच दिन पंद्रह मिनट ही पानी आया। इसके बाद अब रोज 7 से 7.45 बजे तक ही नलों में जलापूर्ति हो रही है। ऊपरी माले के आवासों में हर साल गर्मी के मौसम में पहले ही पानी ठीक स नहीं चढ़ने की समस्या बनी हुई है। सेक्टर 6 में भी पानी दस मिनट कम दिया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नल आने के दस मिनट तक गंदा पानी आता है।यूनियनों ने बीएसपी प्रबंधन से तयसमय अनुसार पानी देने व निर्बाध रुप से बिजली आपूर्ति या मेंटेनेंस की मांग की है।

# आकर्षण का केंद्र बनी सूर्य नमस्कार करती कलाकृति



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग द्वारा केंद्रित, टाउनशिप में सांस्कृतिक प्रतीक की स्थापना की गई है। सेक्टर-9 स्थित पं. रविशंकर शुक्ल चौक पर सूर्यनमस्कार की बाढ़ मुद्राओं का प्रदर्शन करतीं आकर्षक कलात्मक मूर्तियां स्थापित की गई है, जो भारतीय योग परंपरा को आधुनिक कलात्मक शैली में समर्पित एक प्रेरणास्पद उदाहरण है। इस कलाकृति में सूर्य नमस्कार के 12 आसनों को संयंत्र के अपने स्टील प्लेटों से निर्मित किया गया है। इसकी डिजाइनिंग संयंत्र के टाउन आर्किटेक्ट, श्री उमाशंकर राव द्वारा की गई है, यह न केवल संयंत्र की तकनीकी दक्षता, बल्कि उसकी सांस्कृतिक चेतना का भी परिचायक है।

बीएसपी द्वारा आने वाले महीनों में नगर सेवाएं विभाग द्वारा सेक्टरवार उद्यानों के नवीनीकरण, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नई प्रणालियों के क्रियान्वयन की योजनाएं हैं। यह प्रयास दर्शाता है कि भिलाई केवल एक औद्योगिक केंद्र नहीं, बल्कि एक जीवंत, विकसित और जागरूक नागरिक समुदाय का भी प्रतीक है।

# मैत्रीबाग की कैंटीन दो माह से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ भीषण गर्मी में पर्यटक नाश्ते व कोल्डड्रिंग के लिए भटक रहे

मैत्रीबाग में दो महीने से कैंटीन बंद पड़ी है। इसके चलते यहां आने वाले पर्यटकों को चाय नाश्ते और कोल्ड ड्रिंग के लिए भटकना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में चिड़ियाघर का नजारा लेने आने वाले लोगों को जू के बाहर दूर से खाने पीने का सामान लाना पड़ रहा है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है।

मैत्रीबाग में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पर्यटकों को सुविधा के लिए पिछले कई साल से ठेके पर कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। मैत्रीबाग के अंदर कैंटीन होने से लोग खाते पीते हुए प्रकृतिक का नजारा लेते थे। लेकिन पिछले दो महीने अचानक इस कैंटीन को बंद कर दिया गया है। इस कारण भारी गर्मी और उमस क माहौल में यहां रोज घूमने के लिए आने वाले सैकड़ों लोगों को चाय,नाश्ते और कोल्डड्रिंग के लिए तरसना पड़ रहा है। पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग के बाहर दुकानें बहुत दूर होने से बच्चों को यहां अकेला छोड़कर जाने में परेशानी होती है। अंदर कैंटीन में खाने पीने के सभी सामान तुरंत मिल जाते थे। सूत्रों के मुताबिक बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग द्वारा कैंटीन संचालन की अवधि दस महीने समाप्त होने के बाद छह महीने एक्सटेंशन किया गया था। इसके बाद 4 महीने बढ़ाने की फाइल मंजूरी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के पास डेढ़ माह से लंबित है। कैंटीन के जल्द शुरु हो जाने से यहां घूमने के लिए आने वाले हजारों बच्चों, महिलाओं व युवा पर्यटकों को राहत मिलेगी।

# सार्वजनिक जगहों पर नशाखोरी करने वालों को कराया उठक-बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ दुर्ग, भिलाई नगर, छावनी क्षेत्र में चला अभियान, 14 पर कार्रवाई

सार्वजनिक स्थलों पर नशाखोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान 14 से ज्यादा युवकों को पकड़ा गया। उन्हें दंड स्वरूप उठक-बैठक करवाया गया। साथ ही आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।नगर पुलिस अधीक्षक क्षेत्र दुर्ग, भिलाई नगर, छावनी में यह कार्रवाई की गई। छावनी के बैकुंठधाम, सुंदरनगर, सुभाषनगर, मूढकट्टा स्कूल, जामुल के शिवपुरी, सुरडुंग, हाउसिंग बोर्ड, काली बाड़ी, कुरूद बस्ती, खुर्सीपार के आईटीआई ग्राउंड, जीरो प्वाइंट ट्रांसपोर्ट नगर, तेलहा नाला, वीर नारायण सिंह वार्ड, पुरानी भिलाई के पुरैना, विश्वबैंक कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड चरोदा, उमदा तथा कुम्हारी के बाजार पारा, उड़िया बस्ती, खपरी, रामपुर में जांच की गई। जामुल में 4 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई। अड्डेबाजी के लिए स्पॉट बनने वाले होटल, ढाबा, ठेला और दुकानों को रात 11.30 बजे तक बंद कराया गया। दुर्ग के दुर्ग, मोहन नगर, पद्मनाभपुर एवं पुलगांव क्षेत्र में चेकिंग कर पदमनाभपुर से 3 एवं मोहन नगर से 3 पर कार्रवाई की गई। भिलाई नगर में भट्टी, सुपेला एवं वैशाली नगर क्षेत्र में चेकिंग की गई। सुपेला में 3 एवं नेवई में 1 आरोपी को पकड़ा गया। इस प्रकार 14 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301


## औचक निरीक्षण में पहुंचे आयुक्त तब चोरी का हुआ खुलासा

# खुर्सीपार क्षेत्र में चैंबरों के ढक्कन चोरी, निगम ने कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ सिवरेज लाइन निर्माण की जानकारी ली

खुर्सीपार क्षेत्र में सिवरेज लाईन चेम्बर का ढ़क्कन अज्ञात लोगों द्वारा तोड़कर उसका लोही चोरी कर ली गई है। निगम आयुक्त राजीव पांडेय जब गुरुवार को सिवरेज लाइन वर्क का निरीक्षण करने पहुंचे तब इसका खुलासा हुआ। उन्होने अज्ञात व्यक्तियों व कबाड़ियों के खिलाफ एफआईआर करवाने के निर्देश मातहत अधिकारी को दिए। चोरों द्वारा कबाड़ी का सामग्री खरीदने एवं बेचने वालो की मिली भगत से चोरी का लोहा खरीदी-ब्रिकी किया जा रहा है। जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार अंतर्गत वार्ड क्रं. 38, 39 एवं 42 में सिवरेज लाईन पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे को लेकर मौके पर पहुंचे। वहां सिवरेज लाईन पुनर्निर्माण का कार्य एजेंसी मेसर्स सी.बीजू द्वारा किया जा रहा है, आयुक्त ने चल रहे सिवरेज लाईन के कार्यो का जानकारी प्राप्त किए और कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किए। निर्माण कार्य के गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न हो इसके लिए विशेष सुझाव दिए गए। आयुक्त पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों को भी निर्देशित किये कि चल रहे कार्यो का निरीक्षण प्रतिदिन करते रहें। एजेंसी को दिए गए कार्य समय अवधि का पूर्णता से पालन करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया खैरवार, उपअभियंता चंदन निर्मल, चंद्रकांत साहू, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।


सुयश हॉस्पिटल (NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
▸ किडनी फेलयर (ARF/CRF)
▸ डायलिसीस
▸ बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
▸ नेफ्रोटिक सिंड्रोम
▸ हाई बीपी (HIGH BP)
▸ PCNL
▸ AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
16 अगस्त, 06 सितम्बर, 29 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 13 जून 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



मनीष का कलेक्शन

लाइव इवेंट

## पॉलीटेक्निक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 15 जून तक

**भिलाई।** सत्र 2025-2026 में तकनीकी संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन का प्रथम चरण शुरू हो चुका है। इसके अंतर्गत 15 जून तक पंजीयन किया जाना है। इस बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in एवं http://cgdte.admission.nic.in पर ली जा सकती है। अभ्यर्थी इस वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसकी मेरिट सूची 17 जून को जारी होगी। रिजल्ट 20 जून को शाम 4 बजे जारी होगा। आवंटित संस्था में प्रवेश प्रक्रिया 21 जून को सुबह 10 बजे से शुरू होगी, जो 24 जून को शाम साढ़े 5 बजे तक चलेगी। उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान में संस्था में आठ शाखाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इसमें सिविल, यांत्रिकी, विद्युत, इलेक्ट्रानिक्स, धातुकर्म, आईटी, कम्प्यूटर साइंस (पीपीटी स्कोर के आधार पर) एवं माडर्न आफिस मैनेजमेंट (12वीं के आधार पर) इसके अतिरिक्त लेटरल एंट्री के माध्यम से डिप्लोमा इंजीनियरिंग लेटरल में द्वितीय वर्ष (12वीं, आईटीआई. के आधार पर) में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी की जाएगी। संस्था में छात्राओं के लिए शिक्षण शुल्क निशुल्क है।छात्राओं एवं छात्रों के लिए छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है। संस्था में छात्रों के लिए एनसीसी एवं छात्र-छात्राओं के लिए एनएसएस की शाखा संचालित है। पॉलीटेक्निक कॉलेज में छात्र, छात्राओं के लिए सुविधा केन्द्र खोला गया है। जहां पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही साथ संस्था में ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध है। पंजीयन शुल्क 200 रुपए ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीयन के समय समस्त मूल दस्तावेज पीपीटी स्कोर कार्ड, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई की अंकसूचियां, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, सैनिक, दिव्यांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी (यदि लागे हो तो) साथ में लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

लाइव इवेंट

## दो दिवसीय धम्म संस्कार प्रशिक्षण शिविर का समापन



**भिलाई।** महामानव मल्टीपर्पस सोसाइटी एवं विशाखा बौद्ध महिला मंडल द्वारा दो दिवसीय धम्म संस्कार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सुगत बुद्ध विहार आंबेडकर नगर सुपेला में किया गया। बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र शेंडे और विशाखा बौद्ध महिला मंडल की अध्यक्ष विद्या बौद्ध ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। त्यौहार व संस्कार पर सभी भिक्षुसंघ ने क्रमशः कौन कौन से संस्कारों पर कौन-कौन से सुत्त पठन किये जाते हैं ये बताया। डॉ. पूज्य भदंत जीवक, सारिपुत्त, सम्पजनो, उतमग्गो, सोमानंद महाथेरो, चंद विमला महाथेरो, पीआर उके ने धम्म प्रशिक्षण दिया। निशा उके का गब्भ मंगल संस्कार हुआ। आयोजन में बालोद, दुर्ग, भिलाई के 32 उपासक शामिल हुए। धम्म संस्कार प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 24 बच्चों, युवा व महिलाओं ने भाग लिया। अंत में अतिथियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन इंदू उके ने किया। इस अवसर पर नमेश्वरी सोनपिपरे, शैलेन्द्र भगत, जालेंन्द्र उके, अमन चौहान, जयेन्द्र मेश्राम, शीला अम्बादे, नलिनी चौहान, रीतू महेश्वर, कमला पाटिल आदि मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## सेट परीक्षा में साइंस कॉलेज के 95 स्टूडेंट्स का चयन, छात्रों को मिलेंगी निशुल्क कोचिंग

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सेट परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जारी परिणाम में साइंस कॉलेज दुर्ग के 95 वर्तमान एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के इतिहास में इस बार सेट परीक्षा में सर्वाधिक छात्र–छात्रएं चयनित हुए है। डॉ. सिंह के अनुसार महाविद्यालय के 12 विभागों से विद्यार्थियों ने सेट परीक्षा में सफलता अर्जित की है। उन्होंने बताया कि नये शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नेट-सेट परीक्षा हेतु महाविद्यालय में विषेष कोचिंग की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। इसमें महाविद्यालय के साथ–साथ बाहर के विषय विषेषज्ञ भी नेट/सेट परीक्षा से संबंधित प्रशिक्षण देंगे। चयनित विद्यार्थियों में भौतिक शास्त्र विभाग की कु. योगिता गेन्द्रे, काजल राजपूत, अमीषा, वर्षा चन्द्राकर, विमल कुमार, लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा, गीतांजली, रोषन कुमार, योगराज साहू, लालिमा, वमन, वर्षा देषमुख, लक्ष्मीकांत वर्मा सहित 13 विद्यार्थी शामिल हैं। इसी प्रकार समाज शास्त्र से राकेश कुमार तथा देवेष कुमार साहू शामिल हैं। वनस्पति शास्त्र से रत्नाकर उपाध्याय, श्यामू, देविका जंघेल, चंचल, टोमन, रेशमा मंडावी, कृष्णा सिदार, अष्विन गौतम, कलेष कुमार, पकंज निषाद शामिल हैं। अंग्रेजी में गोपाल पटेल, अवितेष कुमार, मनोज पैकरा, तेजष छाबड़ा, एकता देवांगन, कुसुमलता सोनवानी, रवि सिंह राजपूत हैं। प्राणीशास्त्र में प्रिया जायसवाल, तोसेन्द्र डड़सेना, ओजस्वी साहू, देवेन्द्र उइके, प्राची चन्द्राकर, सूरज जंघेल, वंदना चुरेन्द्र शामिल हैं। वाणिज्य में आशुतोष साहू, अंकिता करभल, तोरण लाल देहारी, नागेश्वर कुमार बंजारे, किरण रात्रे, अंजली कश्यप, लिकेश्वर प्रसाद, अनिता देवांगन, सुनील देवांगन, शशि प्रकाश रात्रे सहित 10 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। गणित से भवानी सिंह, महेन्द्र वर्मा, वर्षा चन्द्राकर, तुलाराम साहू आदि शामिल हैं।

● वन्य जीव संरक्षण और जन-जागरुकता की दिशा में पहल, नंदनवन भेजे जाएंगे हिरण

# मैत्री बाग में आएगा तेंदुआ और भालू का जोड़ा, 7 सफेद बाघ सहित 340 वन्य प्राणियों का कुनबा बढ़ा रहा शोभा

मैत्री बाग में 4 नए मेहमान आने वाले हैं। इनमें भालू और तेंदुए के जोड़े शामिल हैं। इसके साथ ही मैत्री बाग में वन्य प्राणियों के कुनबे में और इजाफा होने जा रहा है। वर्तमान में मैत्री बाग में 340 से ज्यादा वन्य प्राणी हैं, जिनमें 7 सफेद बाघ हैं। बता दें कि मैत्री बाग देश के उन चुनिंदा सफेद बाघ संरक्षण केंद्रों में से एक हैं, जहां सफेद शेर को बेहतर वातावरण उपलब्ध है।



**भिलाई।** वन्यजीव संरक्षण और जन-जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत उद्यानिकी अनुभाग द्वारा संचालित मैत्री बाग चिड़ियाघर अब तेंदुए और भालू के जोड़े का स्वागत करने जा रहा है। इनके लिए विशेष रूप से निर्मित बाड़ों की तैयारी पूर्ण हो चुकी है, जो भारतीय केंद्रीय जू प्राधिकरण (सीज़ेडए) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हैं। बीएसपी के अधिकारियों ने बताया कि यह नया समावेश न केवल जैव विविधता को बढ़ावा देगा, बल्कि मैत्री बाग को शैक्षणिक और मनोरंजक दृष्टि से और अधिक समृद्ध बनाएगा। मैत्री बाग के प्रभारी एवं महाप्रबंधक उद्यानिकी डॉ. नवीन कुमार जैन ने जानकारी दी कि यह पशु-विनिमय प्रक्रिया केंद्रीय जू प्राधिकरण द्वारा विधिवत अनुमोदित की जा चुकी है। बाड़ों का निर्माण, वातावरण का अनुकूलन और पशुओं के स्वागत की समस्त पूर्व तैयारी पूर्ण कर ली गई है। नए जीवों के आगमन के उपरांत उनकी सतत निगरानी की जाएगी, जिससे उनकी अनुकूलता और स्वास्थ्य की स्थिति सुनिश्चित की जा सके। तेंदुए और भालू का यह जोड़ा नंदनवन जंगल सफारी, नया रायपुर व बिलासपुर चिड़ियाघर से विनिमय के अंतर्गत प्राप्त हो रहा है। इससे पूर्व मैत्री बाग द्वारा सफेद बाघों का एक जोड़ा नंदनवन को सौंपा गया था। इस तरह के अंतराज्यीय चिड़ियाघर सहयोग न केवल आनुवंशिक विविधता को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि विभिन्न प्रजातियों का समान वितरण सुनिश्चित करते हैं। वर्तमान में मैत्री बाग में सात सफेद बाघ हैं, जिससे यह भारत के प्रमुख सफेद बाघ संरक्षण केंद्रों में से एक है।

### 24 सांभर हिरण भेजे जाएंगे नंदनवन, पर्यावरण संतुलन को मिलेगा बढ़ावा

डॉ. जैन ने बताया कि मैत्री बाग में पशु कल्याण के उच्चतम मानकों को अपनाया गया है। प्रत्येक प्रजाति को उसकी पोषण आवश्यकताओं और पसंद के अनुसार संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जाता है। सामान्य रूप से सुबह एक बार भोजन दिया जाता है, जो उनके पाचन चक्र के अनुकूल है। मौसमी तनाव से निपटने के लिए गर्मी के दिनों बाड़ों में टायफा मैट, स्प्रिंकलर प्रणाली, ग्रीन नेट्स, कृत्रिम झरने और मड बाथ जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं। गर्मी के मौसम में बंदरों और शाकाहारी जीवों के आहार में तरबूज, खीरा और खरबूजा जैसी ठंडी और रसीली चीज़ें जोड़ी जाती हैं। सर्दियों में संवेदनशील जीवों के लिए लकड़ी की अलाव की व्यवस्था की जाती है।




### मैत्री बाग में जानवरों की देखरेख के लिए अलग इंतजाम

वर्तमान में मैत्री बाग में लगभग 340 वन्य जीव निवासरत हैं। इनके रखरखाव के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के दो स्थायी चिड़ियाघर परिचारक (जू कीपर) कार्यरत हैं, जिन्हें 30 ठेका कर्मियों का सहयोग प्राप्त है। पूरे परिसर और बाड़ों की दिन में दो बार सफाई की जाती है, जिससे संक्रमण की संभावना न्यूनतम रहे। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यकतानुसार विटामिन और कैल्शियम युक्त सप्लीमेंट्स, और रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने वाली योजनाएं लागू की जाती है। पूर्व में यहां से मुकुंदपुर (रीवा), महाराजा बाग (नागपुर), राजकोट, इंदौर और बोकारो के चिड़ियाघरों के साथ सफेद बाघों का विनिमय किया जा चुका है, सभी सीज़ेडए की निगरानी में।

### चिड़ियाघर अब हमारे वन्य प्राणियों का कर रहे संरक्षण



डॉ. जैन ने कहा कि आज अधिकांश वन्य प्रजातियां हमारे जंगलों से विलुप्त हो रही हैं। चिड़ियाघरों की भूमिका अब केवल प्रदर्शन की नहीं, संरक्षण की बन गई है। यदि हम लोगों को जागरूक करें, तो यही स्थल वन्यजीवों के लिए महत्वपूर्ण आश्रयस्थल बन सकते हैं। वैज्ञानिक पद्धतियों पर आधारित पशु देखभाल, मजबूत संरक्षण कार्यक्रमों और सार्थक जनसंपर्क के माध्यम से मैत्री बाग देश में उत्तरदायी और नैतिक चिड़ियाघर संचालन का एक आदर्श मॉडल बनकर उभर रहा है। आने वाले समय में तेंदुए और भालू का यह नया अध्याय इस परंपरा को और भी समृद्ध करेगा।

## मराठी महिलाओं ने मनाई वट पूर्णिमा वटवृक्ष के नीचे बैठकर सुनी कथा

**भिलाई।** महाराष्ट्र की परंपरा अनुसार वटसावित्री की व्रत पूजा ज्येष्ठ पूर्णिमा को मनाई गई। विधि-विधान से वटवृक्ष के नीचे बैठकर पूजा अर्चना की गई। समाजसेविका महाराष्ट्र मण्डल की अध्यक्ष नीलू लिमेश ने बताया कि हर वर्ष सौभाग्यवती महिलाएं यह व्रत पति वा बच्चों के लंबी उम्र वा सूख समृद्धि के लिए करती हैं। वट वृक्ष की पूजा करते हैं। एक दूसरे को हल्दी कुंकुम लगा कर ऋतु फल आम एवं गेहूं की ओली भरते हैं। सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान की लंबी उम्र का वरदान मांगा जिस तरह वट वृक्ष की उम्र लंबी होती है। अपने अंधे सास ससुर की आंखों की रोशनी खोया हुआ राज्य वापस मांगा था। तब से यह व्रत वट वृक्ष की पूजा कर किया जाता है। इस अवसर पर श्वेता कावले, प्राची लिमेश, सुषमा ठोसर, साक्षी वांडरे, तारा कावले, वीणा देशपांडे, भारती नंदनवार, कीर्ति सिंग, संध्या कापसे, ऊषा तलमेल, किरण सिरेकर, मंदा वासनकर आदि उपस्थित थे।



## किसानों को दी कतार बुआई, बीज उपचार और मशरूम की खेती से होने वाले फायदे की जानकारी

**भिलाई।** विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम बेल्हारी में किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. ललिता रामटेके ने मिट्टी परीक्षण के महत्व, धान की कतार बुआई, बीज उपचार, स्वस्थ बीज की पहचान, कृषि में उपयोग होने वाले कृषि उपकरण, टपक सिचाई पद्धति, मशरूम उत्पादन तथा कृषक महिलाओं से फल एवं सब्चजियों के तुड़ाई के बाद भण्डारण व प्रसंस्करण के विषय पर चर्चा की। बीच उपचार का जीवंत प्रदर्शन दिया। उपस्थित कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा राज्य शासन एवं केंद्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। इस कार्यक्रम में आईसीएआर के वैज्ञानिक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित आसपास के किसानों ने भाग लिया। आयोजन में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि लखेश्वर साहू, बीएस वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



सीआईएसएफ भिलाई की बड़ी उपलब्धि, हर क्षेत्र में गुणवत्ता को परखने के बाद दी मान्यता

## सीआईएसएफ को अति उत्तम स्तर की मान्यता व 2-स्टार ग्रेडिंग, ट्रेनिंग के मामले में देश में बेहतर सेंटरों में शुमार

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सीआईएसएफ के भिलाई प्रशिक्षण केंद्र ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसे कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के नेशनल स्टैंडर्ड्स फॉर सिविल सर्विसेज ट्रेनिंग इंस्टीट्यूशन्स के तहत प्रतिष्ठित अति उत्तम स्तर की मान्यता प्रदान की गई है। यह मान्यता भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के सेवानिवृत्त अपर महानिदेशक और लीड ऑनसाइट मूल्यांकनकर्ता वेंकटेश्वर राव और सीबीसी के विशेषज्ञों की टीम मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद प्रदान की है। इस मूल्यांकन में संस्थान की संरचित शासन व्यवस्था, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, फैकल्टी विकास एवं डिजिटलीकरण को विशेष रूप से परखा गया। मुख्य रूप से प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन एवं पाठ्यक्रम डिजाइन, फैकल्टी विकास, संसाधन एवं प्रशिक्षण लक्ष्य, प्रशिक्षु सहायता, डिजिटलीकरण एवं प्रशिक्षण वितरण, सहयोग और समन्वय, प्रशिक्षण मूल्यांकन एवं गुणवत्ता आश्वासन, संचालन एवं प्रशासन का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में 64.4 का स्कोर प्राप्त हुए, जिसके आधार पर अति उत्तम ग्रेडिंग और 2-स्टार मान्यता प्रदान की गई।



### उत्कृष्टता की विरासत और आधुनिक संरचना का समावेश

सीआईएसएफ का भिलाई सबसे पुराना और आधारभूत प्रशिक्षण केंद्र है। समय के साथ इसने आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप खुद को ढाला। उच्चतम अनुशासन एवं व्यावसायिक मानकों को बनाए रखा। स्मार्ट कक्षाएं, सिमुलेशन-आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल, हथियार एवं सामरिक प्रशिक्षण की समर्पित सुविधाएं, अनुभवी फैकल्टी कैडर के लिए भिलाई की पहचान है। यहां डिजिटल लर्निंग, आंकड़ों पर आधारित मूल्यांकन और प्रशिक्षु कल्याण को भी उच्च प्राथमिकता दी जाती है। यह ग्रेडिंग भारत की सुरक्षा संरचना को आकार देने में केंद्र की निरंतर प्रासंगिकता, ऐतिहासिक महत्व और दूरदर्शी दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।

### देश के अलग-अलग हिस्सों में दे रहे सेवा

भिलाई में प्रशिक्षण प्राप्त जवान और अधिकारी देश के अलग-अलग हिस्सों में सेवा दे रहे हैं। उनकी तैनाती सुरक्षा लिहाज से की गई है। सीआईएसएफ का मुख्य कार्य देश की औद्योगिक और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की सुरक्षा करना है। यह केंद्र सरकार के अधीन काम करता है। इसका गठन 1969 में किया गया था. सीआईएसएफ सरकारी और कुछ निजी उपक्रमों, जैसे हवाई अड्डों, बंदरगाहों, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, और ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। सीआईएसएफ का अपना एक अग्निशमन विंग भी है, जो औद्योगिक प्रतिष्ठानों में आग की रोकथाम और नियंत्रण के लिए कार्य करता है। सीआईएसएफ कर्मचारियों को भी सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे वे सुरक्षित और संरक्षित रह सकें। सीआईएसएफ आंतरिक सुरक्षा के लिए भी काम करता है, जिसमें दिल्ली मेट्रो और संसद भवन की सुरक्षा शामिल है। इसके अलावा वीआईपी सुरक्षा भी प्रदान करता है, जिसमें विभिन्न व्यक्तियों की सुरक्षा शामिल है। सीआईएसएफ खुफिया जानकारी और निगरानी में भी शामिल है, जो महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में मदद करता है।



सिटी इवेंट

## पंडवानी गायक देवांगन की स्मृति में 14 को प्रतिभा सम्मान



**भिलाई।** दुर्ग जिला देवांगन समाज की महत्वपूर्ण बैठक परमेश्वरी भवन कैंप -2 बैकुंठ धाम में हुई। प्रसिद्ध पंडवानी गायक झाड़ू राम देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर 14 जून को 11 बजे से डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन, बैकुंठधाम कैम्प -2 में जिला स्तरीय सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना तय किया गया। बैठक में तैयारी की व्यापक समीक्षा की गई। समारोह में शिक्षा सत्र 2024-25 में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दुर्ग जिला के सभी समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य स्तरीय खेलकूद, कला संस्कृति एवं अन्य विधाओं में पुरस्कृत प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला देवांगन समाज के द्वारा विगत अनेक वर्षों से देवांगन समाज के साथ ही दुर्ग जिला के अन्य सभी समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भी सम्मान करने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष पुरानिक देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देवांगन समाज के पुरोधा अंतरराष्ट्रीय पंडवानी गायक झाड़ू राम देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर 14 जून को जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें राज्य के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, मंत्री लखनलाल देवांगन, क्षेत्रीय सांसद विजय बघेल एवं विधायकगण ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, गजेंद्र यादव एवं डोमनलाल कोर्सेवाड़ा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

### बैठक में आयोजन की तैयारी पर चर्चा

बैठक में वृहद स्तर पर आयोजित हो रहे सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। दूरदराज से आनेवाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को ध्यान में रखते हुए सभी के लिए दोपहर के भोजन आदि की व्यवस्था की गई है। बैठक में दुर्ग जिला अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन, सचिव धनुष देवांगन, वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद देवांगन, देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, दुर्ग नगर अध्यक्ष राकेश देवांगन, कैंप -2 अध्यक्ष भेदूराम देवांगन, मंगतूराम देवांगन, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कीर्ति देवांगन आदि सहित जिला, ब्लाक, मंडल इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

● ब्रह्माकुमारीज़ सेक्टर-7 में आयोजित शिविर में गुड बाय टेंशन के बारे में दी गई जानकारी

# अलविदा तनाव शिविर में बताया, मेडिटेशन एक कला जो मन को एकाग्र कर तनावमुक्त बनाने में सहायक

**भिलाई। सेक्टर-7 स्थित राजयोग भवन में मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया। गुड बाय टेंशन नाम से आयोजित इस शिविर में जानकारी दी गई कि स्वयं को अध्यात्म के रिसर्च की प्रयोगशाला बनाइए। मेडिटेशन एक कला है। मन को एकाग्र कर परमात्मा में लगाकर तनावमुक्त बनाने की। हमारे हर विचार में एनर्जी होती है, जिसका हमारे पूरे शरीर पर प्रभाव पड़ता है। इंदौर से आईं तनावमुक्ति विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने यह जानकारी दी। बता दें कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में 9 दिवसीय गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अंतिम दिन के सत्र में मेडिटेशन के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। अलविदा तनाव शिविर की मुख्य प्रेरणास्त्रोत व भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका आशा दीदी ने कहा कि जीवन में तनावमुक्त और खुश रहने के लिए परमात्म ज्ञान और आध्यात्मिक शक्ति की बहुत-बहुत आवश्यकता है। बाहर से चेक करने के लिए दर्पण है, अंदर की चेकिंग के लिए आध्यात्मिक दर्पण आवश्यक है।**



### तनाव मुक्त रहने के लिए फिल्मी गीतों का किया प्रयोग




शिविर के अंत में बहुत धूमधाम से गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव उत्सव मनाया गया। इसके अंतर्गत भिलाईवासियों के जीवन में विभिन्न कारणों से टेंशन-तनाव का स्वरूप बना व्यक्ति जो बड़े उदास मन से इस्पात एवं शिक्षा नगरी मिनी इंडिया भिलाई से चल उड़ जा रे पंछी... हम तो चले परदेश ..., तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम... जैसे गीतों से सभी कि जिंदगी से सदा के लिए विदाई ले रहा था। इस प्रकार फिल्मी गीतों का प्रयोग कर मन को तनाव मुक्त रहने के टिप्स दिए गए।

### गुब्बारे के जरिए भी मन के तनाव को दूर करने के तरीके बताए

आयोजित कार्यक्रम में टेंशन तनाव को दूसर करने के कई तरीके बताए गए। विशेषज्ञ ने बताया कि सभी के जीवन से जाने का तनाव हो रहा था। सभा में उपस्थित लोगों के चेहरों में से खुशी आनंद उमंग उत्साह की किरणें नजर आईं। उत्सव के अंत में 2 मिनट परमात्म याद में रिंचक मात्र बचा हुआ तनाव भी अलविदा तनाव गुब्बारों के रूप में आकाश में उड़ाया गया। इस दौरान मन से तनाव को दूर रखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नए-नए प्रयोगों के माध्यम से मन को तनावमुक्त रखने के उपाय बताए गए।



### 9 दिवसीय आयोजन में हर दिन नई जानकारी

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी द्वारा आयोजित इस शिविर में हर दिन नई जानकारियां प्रदान की गई। शिविर 9 दिनों तक आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने मेडिटेशन और इससे होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। साथ ही मेडिटेशन में आए लोगों ने जिज्ञासावश प्रश्न भी किए, जिनका संतोषजनक जवाब दिया गया। लोगों से प्रतिदिन मेडिटेशन किए जाने की अपील की गई। इस अवसर 500 से ज्यादा साधन-साधिकाएं शामिल हुए।

आयोजन...

## सिन्हा भवन में सहस्त्रबाहु की प्रतिमा स्थापित सहयोग करने वाले का समाज ने किया सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज जनकल्याण समिति द्वारा सनातन नगर कोहका में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव की मूर्ति स्थापना एवं भगवान सत्यनारायण की पूजा समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना कर समाज एवं शहरवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। देवेन्द्र ने कहा कि सिन्हा समाज से मुझे काफी स्नेह मिलता है। समाज ने मुझे अपने परिवार की सदस्य की तरह हमेशा सम्मान दिया है। इसके लिए मैं सिन्हा समाज का हमेशा आभारी रहूंगा। विधायक ने जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुमन सागर सिन्हा की मांग पर सुसज्जित कार्यालय कक्ष बनाने के लिए हर संभव सहयोग करने की बात कही। वहीं भगवान सहस्त्रबाहु देव की मूर्ति स्थापना में सहयोग करने वाले राजेश्री -गंगेश सिन्हा का शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। समाज के प्रांतीय महामंत्री रिखी राम सिन्हा ने समाज की संस्कृति और परंपरा से अवगत कराया। पूर्व प्रदेश महामंत्री प्रेम लाल सिन्हा ने आभार जताया। इस अवसर पर नवीन सिन्हा, दानेश्वर डड़सेना, अंजू सिन्हा, महेश सिन्हा,अशोक सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे।

■ विधायक देवेन्द्र यादव आयोजन में हुए शामिल, कार्यालय के लिए मदद का दिलाया भरोसा

ऑल इण्डिया नेशनल डांस चैंपियनशिप

## दार्जिलिंग में डांस कॉम्पिटिशन, पताक्षी ने कत्थक में जीता प्रथम पुरस्कार




**भिलाई।** दार्जिलिंग के मॉल रोड स्थित गोरखा ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता में दुर्ग की पलाशी चौहान ने जूनियर कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। ऑल इण्डिया नेशनल डांस म्यूजिक इंस्ट्रुमेंट एवं फाइन आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जहां यह प्रतियोगिता हुई। आयोजन कत्थक रॉकर्स संस्था के डायरेक्टर चेतन बोरकर द्वारा किया गया। वर्ष 2018 से तारंगण एवं नृत्या रंजन नामो से देश के विभिन्न शहरों में प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। इसमें इस वर्ष लगभग पांच सौ प्रतियोगियों ने भाग लिया। पलाक्षी चौहान को एकल कत्थक नृत्य में नृत्य रंजनी पुरस्कार से नवाजा गया। साथ ही उन्हें आगामी वर्ष के आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए सीधी एंट्री दी गई। पलाक्षी चौहान ने सब जूनियर युगल सेमी क्लासिकत (कत्थक) में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। वे अरुणिमा सेन, अनामिका सेन से शिक्षा ले रही हैं।

■ अरुणिमा सेन व अनामिका सेन से रही शिक्षा

समाज इवेंट

## सर्वाधिक कबीर पंथी राज्य में, इसलिए छत्तीसगढ़ कबीर पंथ का गढ़ : वर्मा



भिलाई। कबीर सत्संग भवन रिसाली में कबीर प्रकटोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पाटन-अरसनारा के महंत श्रीराम साहेब एवं भिलाई के महंत अंतराम साहेब कबीर प्रागट्य उत्सव में प्रमुख वक्ता थे। श्रीराम साहेब ने कबीरपंथ में गुरू की महत्ता पर प्रवचन दिया। अंतराम साहेब ने सांगीतिक प्रस्तुति, कबीर भजन, आरती प्रस्तुत किया। छग में कबीर शोधग्रंथ के लेखक साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि सर्वाधिक कबीरपंथी छत्तीसगढ़ में हैं। यह कबीरपंथियों का गढ़ भी है। इसीलिए छत्तीसगढ़ प्रेम, सद्भाव, परोपकर और एकता के लिए चर्चित है। यहां मानिकपुरी, साहू, कुर्मी, पटेल, कंड़रा सहित सभी पिछड़े समाज में संत कबीर का गहरा प्रभाव है। मुख्य रूप से कबीर पंथ की तीन शाखाएं काशी, भगताही और धर्मदासी शाखा है। धरमदासी शाखा को छत्तीसगढ़ी शाखा भी माना जाता है। कबीर के प्रथम शिष्य धनी धर्मदास उनके संदेश को लेकर छग आए। इसीलिए उनके पदों में छत्तीसगढ़ी शब्द बहुत हैं। दामाखेड़ा में उनके द्वारा स्थापित वंश गद्दी है। सत्य, एकेश्वरवाद, अहिंसा, आडंबरहीनता का संदेश संत कबीर का प्रमुख संदेश है। समारोह में साहित्यकार बद्री प्रसाद पारकर, चिंतक रामसेवक वर्मा, मोहन लाल साहू, पुनीत साहू, महेन्द्र साहू, टेकचंद साहू सहित बड़ी संख्या में कबीरपंथी उपस्थित थे।

कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, रेशम, बागवानी से जुड़े कार्यों का प्रशिक्षण

# आत्मनिर्भर भारत बनाने किसानों को उद्यमिता से जोड़ने किया जा रहा प्रशिक्षित, देशभर के 75 किसान अंजोरा में जुटे

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग, छत्तीसगढ़ एवं एग्रीकल्चर एंड एनवायरनमेंट डेवलपमेंट सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण सह समर स्कूल शुरू हुआ। इसका उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थायी उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, रेशम उत्पादन, बागवानी एवं संबद्ध क्षेत्रों में उभरते हुए अवसरों पर केंद्रित है। कार्यक्रम में देशभर से प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता देखी गई, जिसमें उद्घाटन सत्र में कुल 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने कहा कि देश की कृषि एवं पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उद्यमिता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। यह प्रशिक्षण न केवल नवाचार को समझने का मंच प्रदान करेगा, बल्कि प्रतिभागियों को व्यावसायिक दृष्टिकोण विकसित करने में भी सहायक होगा। वेटरनरी कॉलेज के डीन डॉ. एस शाक्य ने कार्यक्रम के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों, अनुसंधानकर्ताओं और उद्यमियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। कोर्स निदेशक, विभागाध्यक्ष डॉ. डी. भोंसले ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय-वस्तु एवं आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 21 दिनों तक विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, केस स्टडी, लाइव डेमो एवं संवाद सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को उद्यमिता के विविध पहलुओं से अवगत कराया जाएगा।



### 21 जून तक आयोजित होने वाली कार्यशाला में दी जा रही जानकारी

प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला 21 जून तक आयोजित की जाएगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से 75 कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, रेशम, बागवानी एवं संबद्ध क्षेत्रों के उद्यमिता एवं नवाचार से जुड़े विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधकर्ता एवं प्रगतिशील किसान प्रतिभाग कर रहे हैं। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना भगत ने किया। अंत में डॉ. रूपल पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में डॉ. व्हीएन खुने, डॉ. एके सांतरा, डॉ. सुभाष वर्मा, डॉ. निषमा सिंह एवं विश्वविघालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी भी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हर दिन एक विशेषज्ञ अपने अनुभव किसानों के सामने रख रहे हैं।

### 30 से ज्यादा एक्सपर्ट लेंगे तकनीकी सत्र

इस अवसर पर 30 से ज्यादा एक्सपर्ट तकनीकी सत्र लेंगे, जिसमें उद्यमिता और विषय से जुड़ी जानकारी और तकनीकी पहलुओं से अवगत कराएंगे। एईडीएस के अध्यक्ष डॉ. छतरपाल सिंह ने स्वागत भाषण दिया एवं सभी गणमान्य अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। प्रशिक्षण के दौरान देशभर के 30 से अधिक विषय विशेषज्ञ विभिन्न तकनीकी सत्रों का संचालन करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में व्यावसायिक दक्षता, नवाचार क्षमता एवं स्टार्टअप निर्माण के लिए कौशल विकास को बढ़ावा देना है।

लाइव इवेंट

## गिरेपूंजे को श्रद्धांजलि, उन्होंने ही कहा था- व्यक्ति से बड़ा समाज



**भिलाई।** अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे को नम आंखों से शहरवासियों ने श्रद्धांजलि दी। यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम सूर्या मॉल में आयोजित किया गया। सूर्या मॉल प्रबंधन टीम के साथ-साथ महाराष्ट्रीयन तेली समाज एवं पुलिस अधिकारियों ने अमर शहीद को श्रद्धांजलि दी।

डॉ. अजय आर्य ने कहा कि आकाश राव गिरेपूंजे बहुत ही सहज व्यक्ति थे। उनकी शालीनता हम सबको आज भी प्रेरित करती है। जब भी एक सामाजिक कार्यक्रम में मिले तो उन्होंने मुझे प्रणाम किया। बड़े पद पर होने के बाद भी उनके मन में थोड़ा भी ईगो नहीं था। सामाजिक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान उन्होंने एक बात कही थी कि कोई भी व्यक्ति समाज से बड़ा नहीं हो सकता। यह बात हम सबको समझनी चाहिए और अपने सामाजिक दायरे और दायित्व के लिए समय जरुर निकालना चाहिए। इस श्रद्धांजलि सभा का संचालन आशीष चिन्धालोरे ने किया। कार्यक्रम में एसआई गुरविंदर सिंह संधू , हर्षित शुक्ला, गोविन्द साहू एवं थाना की टीम ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संजय मरगढ़े, आशीष चिंधालोरे, सुनील कामड़े, सखवाडे, देवेंद्र पोहाने, चतुर्भुज साकुरे, देवेंद्र बारई, अनिल सोनटके, लांजेवार, हेमा पोहने, सरिता कामडे आदि मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विद्याचरण शुक्ल स्मृति जिला टेबल टेनिस 18 से राजधानी में




**रायपुर।** विद्याचरण शुक्ल स्मृति प्रथम जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 22 जून तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल रायपुर में किया जा रहा है। राजधानी टेबल टेनिस संघ के इस आयोजन में जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि) इसमें भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष से ही कर्मचारियों एवं प्रोफेशनल्स के लिए युगल लीग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रविष्टि हेतु प्रतियोगी का कर्मचारी अथवा प्रोफेशनल होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता लीग पद्धति में खेली जायेगी। प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 14 जून है। स्पर्धा में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम सायं 6 से 7 बजे के मध्य सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में प्रदीप जोशी और पी.एन. मजूमदार को दे सकते हैं। प्रतियोगिता का ओपन ड्रा 17 जून को सायं 07.00 बजे प्रतियोगिता स्थल पर निकाला जाएगा।

### दो दिवसीय नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप कल से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में स्टेट एवं नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 14 एवं 15 जून को ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर चौक पुरानी बस्ती रायपुर में किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि 14 जून उदघाटन सुबह 11 बजे किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के रायपुर इकाई के अध्यक्ष रूपेश रहांगडाले, विशेष अतिथि दीपक कृपलानी पूर्व पार्षद नगर निगम, दुर्गेश साहू मालिक प्रोटीन विला और श्रवण सिंह ठाकुर सरपंच पछुआ पाटन होंगे। 15 जून को पुरस्कार वितरण शाम 6 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि संजय शर्मा अंतरराष्ट्रीय निर्णायक, विशेष अतिथि बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल, किशोर महानंद प्रदेश मंत्री बीजेपी और पुरुषोत्तम देवांगन पूर्व पार्षद नगर निगम रायपुर होंगे।

### राजेश चुने गए मिस्टर छत्तीसगढ़



**रायपुर।** दल्ली राजहरा में आयोजित ओपन बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता में रायपुर जिले के राजेश यादव मिस्टर छत्तीसगढ़ और भिलाई के मानस कामड़े मिस्टर मेन्स फिजिक चुने गए। साथ में बस्तर टाइगर के नाम से मशहूर खुशबू नाग 22 इंची बाय सैप्स की भी बॉडी बिल्डिंग लोगों को देखने मिली। रायपुर जिले के दो बॉडी बिल्डर वासु साहू तीसरा स्थान और मेन्स फिजिक में आलोक शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार रायपुर, तामेश्वर बंजारे राजनांदगांव और बोधन राम बालोद थे। 14 जून को गाजियाबाद में मिस्टर इंडिया की खिताब जीतने के लिए छत्तीसगढ़ से चयनित बॉडी बिल्डर में राजेश यादव, आलोक शर्मा, सन्नी साहू, लीला राम नेताम, कन्हैया लाल यादव, परमानंद तांडी, डोमेन्द्र साहू, छगन साहू, कुबेर यादव, भरत मंडावी, संजय ध्रुव, प्रवीण जाधव ,अंशु कटियार, निःशक्त बॉडी बिल्डर अश्विन सोनवानी राज्य की टीम में शामिल है।
सभी बॉडी बिल्डर 13 जून को दिल्ली और गाजियाबाद जाएंगे। दल्ली राजहरा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में संचालन शीतलेश पटेल और आभार प्रदर्शन हरिनाथ ने किया।

### चैलेंजर ट्रॉफी में आज दो मैच

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वूमेंस/ अंडर 23 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शुक्रवार 13 जून को भिलाई में दो मैच होंगे। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में नॉर्थ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में ईस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन मुकाबला होगा।

## शरीर के कई अंगों को धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त करने लगती है अनियंत्रित ब्लड प्रेशर की समस्या

# ब्लड प्रेशर कंट्रोल न रहना हो सकता है जानलेवा, आप भी हो जाइए सावधान; डॉक्टर से जानिए इसके उपाय

लंबे समय बने रहने वाली अनियंत्रित ब्लड प्रेशर की समस्या शरीर के कई अंगों को धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त करने लगती है। हर साल दुनियाभर में लगभग 75 लाख लोगों की मौत हाई ब्लड प्रेशर और इसके कारण होने वाली समस्याओं के कारण हो जाती है। हृदय रोगों के मामले जिस तरह से दुनियाभर में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, इसको लेकर सभी लोगों को कम उम्र से ही बचाव के उपाय शुरू कर देने चाहिए। हृदय की सेहत का ख्याल रखने के लिए सबसे जरूरी है ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखना। हृदय द्वारा पंप किए गए खून का जो दबाव धमनियों की दीवारों पर पड़ता है वही ब्लड प्रेशर है। यह अगर लगातार या अक्सर सामान्य सीमा (120/80 एमएमएचजी या मिलिमीटर मरक्यूरी) से ऊपर या नीचे बना रहता है, तो शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि लंबे समय बने रहने वाले अनियंत्रित ब्लड प्रेशर की समस्या शरीर के कई अंगों को धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त करने लगती है।



### लाखों लोग ब्लड प्रेशर का शिकार

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर साल दुनियाभर में लगभग 7.5 मिलियन लोगों की मौत हाई ब्लड प्रेशर और इसके कारण होने वाली समस्याओं के कारण होती है। वहीं अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हाई बीपी 'साइलेंट किलर' है क्योंकि यह धीरे-धीरे शरीर को अंदर से खराब करने लगती है।



ब्लड प्रेशर बढ़ने की ही तरह से लो बीपी भी खतरनाक है, इसका मस्तिष्क के कार्यों पर सीधा प्रभाव पड़ता है, खासकर उम्रदराज लोगों में। इसलिए जरूरी है कि आप वे सभी उपाय करते रहे जिससे ब्लड प्रेशर बहुत ज्यादा बढ़ने या कम न होने पाए।

### ब्लड प्रेशर हाई रहने के क्या नुकसान हैं?

जिन लोगों का ब्लड प्रेशर अक्सर सामान्य से अधिक बना रहता है उन्हें कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। रक्तचाप का लगातार हाई बने रहने से दिमाग की नसें फट सकती हैं या उनमें ब्लॉकेज हो सकता है जिससे स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है। हाई ब्लड प्रेशर किडनी की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है जिससे वे अपना काम ठीक से नहीं कर पातीं। इससे किडनी फेलियर तक हो सकता है। ब्लड प्रेशर अगर लंबे समय तक अनियंत्रित रहे तो आंखों की रेटिना की रक्त वाहिकाएं प्रभावित होती हैं जिससे नजर कमजोर होने या स्थायी रूप से आंखों की रोशनी जाने का खतरा होता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण कुमार कहते हैं, सही ढंग से नियंत्रित न होने या लगातार रक्तचाप कम या ज्यादा बना रहना जानलेवा हो सकता है। इसलिए चिकित्सकीय सलाह का पालन जरूर करें। भारत में अनुमानित 220 मिलियन (22 करोड़) लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं, जिनमें से केवल 12 प्रतिशत ही अपने रक्तचाप को नियंत्रित रख



पाते हैं। सही उपचार और जीवनशैली में बदलाव करके इसे आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है।

### अनियंत्रित ब्लड प्रेशर ठीक नहीं

रक्तचाप बढ़ने की समस्या के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें आहार में गड़बड़ी, शारीरिक निष्क्रियता और धूम्रपान मुख्य हैं। इसके अलावा यह आनुवंशिक कारणों से भी हो सकता है। कई बार उच्च रक्तचाप बिना लक्षणों के भी हो सकता है और किसी भी उम्र का व्यक्ति इससे प्रभावित हो सकता है। अगर आपका रक्तचाप अनियंत्रित रहता है तो इससे हृदय ही नहीं कई अन्य अंगों जैसे लिवर, किडनी, पाचन, मस्तिष्क को भी नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए घर पर रक्तचाप की निगरानी जरूर करें और समय-समय पर जांच कराते रहें। फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, कम वसा वाले डेयरी उत्पादों और लीन प्रोटीन से भरपूर आहार का सेवन करें।



# फादर्स डे पर पापा को ऐसे दिलाएं उनके खास होने का एहसास

हर बच्चे के जीवन में पिता की भूमिका अहम होती है। आमतौर पर पिता कम बोलते हैं, मां की तरह लाड-दुलार नहीं दिखाते हैं लेकिन हर जरूरत को बिना कहे पूरा करते हैं। वह सख्त दिखते हैं लेकिन अंदर से नरम दिल रखते हैं। हम अक्सर मां के प्यार को खुलकर महसूस करते हैं, लेकिन पिता का प्यार अक्सर जिम्मेदारियों की चुप्पी में दब जाता है। फादर्स डे उन्हें ये बताने का यह दिन है कि वह आपके लिए कितना मायने रखते हैं। वैसे तो पिता के लिए एक दिन भी बहुत कम है लेकिन फादर्स डे आपको ये मौका देता है कि आप उन्हें खास होने का अहसास कराएं। फादर्स डे पर अपने पिता से कहें, 'पापा, आप मेरे लिए सबसे खास हैं। फादर्स डे जून महीने के तीसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल फादर्स डे 15 जून 2025 को मनाया जा रहा है। पिता को समर्पित इस दिन को पापा के लिए स्पेशल बनाने के लिए आप कुछ यूनिक आइडिया अपना सकते हैं ताकि वह आपके प्यार और सम्मान की अभिव्यक्ति देखकर खुश हो जाएं। फादर्स डे पर महंगे गिफ्ट नहीं, बल्कि समय, अपनापन और धन्यवाद सबसे बड़ा तोहफा होता है। इस बार कुछ ऐसा करें जो उन्हें हमेशा याद रहे। पापा को खास



महसूस कराने के असरदार तरीके भी जान लीजिए।

### 'थैंक यू कार्ड' या चिट्ठी

अपने शब्दों में उन्हें बताएं कि आपने उनसे क्या सीखा है। सामने से नहीं बोल सकते हैं तो कार्ड या चिट्ठी पर अपनी भावनाओं को लिख दें। पुरानी बातों का जिक्र करें, जैसे पहली साइकिल, आपकी बोर्ड परीक्षा, इंटरव्यू के लिए आपका मनोबल बढ़ाना यानी वो सब जब पापा ने आपका साथ दिया।

### एक खास शाम

परिवार के बीच एक छोटा-सा सेलिब्रेशन प्लान करें जिसमें सिर्फ पापा की पसंद का खाना, गाने और यादें हों। आप चाहें तो घर के बच्चों के साथ एक छोटा नाटक या कविता पाठ भी कर सकते हैं, जिसमें उनके जीवन की कहानी दिखा सकते हैं।

### पुरानी तस्वीरों का मेमोरी वॉल

पापा के बचपन से अब तक की खास तस्वीरें इकट्ठा करें और एक कोने में सजाएं। साथ में एक स्लाइडशो या वीडियो बनाएं जो उन्हें सरप्राइज दे सके। अपनी पुरानी तस्वीरे उन्हें उनके सबसे खुशनुमा दिनों की याद दिलाएंगे।

### पापा को दें छुट्टी

उनके रोज के किसी काम की जिम्मेदारी आप लें। जैसे बैंक जाना, गाड़ी धोना या बिल भरना। पापा की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाकर उन्हें कुछ सुकून और आराम दे सकते हैं। खास बात ये हैं कि आपको जिम्मेदारी उठाते देख वह गर्व महसूस करेंगे और उनकी चिंताएं भी कुछ कम होंगी।



# कभी लौटकर नहीं आएंगी छिपकलियां काम आएगा सुई धागे का ये देसी जुगाड़

अक्सर खाने की खुशबू से छिपकलियों की भीड़ आसपास मंडराने लगती है। ऐसे में यही डर लगा रहता है कि कहीं यह खाने में न गिर जाएं, लेकिन इससे छुटकारा पाने के लिए कुछ टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।

### क्या है सुई-धागे वाला देसी जुगाड़?

यह नुस्खा बहुत ही पुराना है, जिसे छिपकलियों को भगाने के लिए किया जाता था। हालांकि, अब वक्त के साथ-साथ इस्तेमाल कम किया जाने लगा है। इस टिप को अपनाने के लिए आप काले रंग का धागा लें और इसमें एक सुई पिरोकर किसी दीवार के कोने में टांग दें। खासकर इस जगह पर जहां छिपकलियां ज्यादा आती हैं।

### कैसे काम करता है यह नुस्खा?

कहा जाता है कि छिपकलियों को लगता है कि यह कोई खतरा है और इसे देखकर वो दूर भाग जाती हैं। पुराने लोग मानते हैं कि दीवार पर लटका हुआ सुई वाला धागा छिपकली को भ्रमित करता है। उन्हें लगता है कि यह सांप या शिकारी की पूंछ हो सकता है और वे उस स्थान से दूर रहना पसंद करती हैं। हालांकि, यह कोई वैज्ञानिक तरीका नहीं है, लेकिन कई घरों में इसे अपनाकर अच्छे रिजल्ट देखे गए हैं। इसलिए आप भी इस टिप को अपना सकती हैं और अपना एक्सपीरियंस हमारे साथ साझा कर सकती हैं।

### सुई धागे में लटकाएं प्याज के छिलके

अगर इसके बाद भी छिपकलियां नहीं जा रही हैं, तो आपको और एक्सपेरिमेंट करने होंगे। आप



प्याज के छिलके से भी छिपकलियों को भगा सकते हैं, कहा जाता है इसकी बदबू से छिपकलियां दूर भाग जाती हैं।

इस टिप को अपनाने के लिए आपको सुई-धागे में प्याज के छिलकों को डालकर माला तैयार कर लेनी है। अब इस माला को लटका कर टांग दें, यकीनन कुछ ही दिनों में फायदा होगा।

आप छिपकलियों को भगाने के लिए नारियल का तेल और तंबाकू का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको तेल में थोड़ा-सा तंबाकू मिलाकर इस्तेमाल करना होगा।

लहसुन-अदरक भी बहुत ही मददगार साबित हो सकता है, जिसके टुकड़े आपको इस्तेमाल करने होंगे। कहा जाता है इसकी बदबू से छिपकलियां दूर भागती हैं।

आप तंबाकू के साथ कॉफी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इन दोनों को मिलाकर आपको गोलियां बनानी होंगी और उस जगह पर रखना होगा जहां पर छिपकलियां बिल्कुल भी न आएं।

अंडों के सूखे छिलकों को खिड़की या दरवाजों के पास रखें। यकीनन एक दिन में ही छिपकलियां दूर भाग जाएंगी। आप पुदीना का तेल भी इसके साथ डाल सकते हैं।

# किचन के तेल के दागों को साफ करने के लिए आजमाएं ये टिप्स

आप कुछ फ्राई कर रही हों या फिर तड़का लगा रही हों, तेल के दागों से सबसे ज्यादा गंदा होता है स्लैब या प्लेटफॉर्म। मगर आप बहुत आसानी से किचन प्लेटफॉर्म को आसानी से साफ कर सकती हैं।



### बर्फ और नमक करेगा सफाई

जले हुए या पके हुए तेल के निशान पर अगर आप सीधे क्लीनर डालते हैं तो वो कभी-कभी गहरे निशान छोड़ देता है। ऐसे में पहले बर्फ से उस हिस्से को ठंडा करें, जिससे तेल सख्त हो जाए और फिर नमक से उसे स्क्रब करें।

**क्या करें:** इसके लिए पहले प्लेटफॉर्म को एक बार कपड़े से साफ करें। इसके बाद प्लेटफॉर्म पर बर्फ के टुकड़े दाग पर कुछ सेकंड रगड़ें। फिर मोटा नमक डालकर थोड़ी देर रगड़ें। ये तेल को हटाने में मदद करेगा। इसके बाद डिश सोप से प्लेटफॉर्म को साफ कर लें।

### मसालों के दाग

चाय की पत्ती और डिश सोप से होगी बेहतर सफाई

बची हुई चाय की पत्ती इस बार फेंकें नहीं, बल्कि उससे प्लेटफॉर्म को साफ कर लें। इसके साथ आप डिश सोप से चिकनाई को हटा सकेंगी।

**कैसे करें इस्तेमाल:** पत्तियों को सुखाकर हल्का गीला करें। उसमें कुछ बूंदें डिश सोप मिलाएं।अब इस मिक्सचर को सीधे दाग वाली जगह पर रगड़ें।सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें। इसके बाद प्लेटफॉर्म पर गीला कपड़ा लगाएं फिर साफ कपड़े से पोंछ लें। यह तरीका खासतौर पर ग्रेनाइट पत्थर पर प्लेटफॉर्म पर अच्छा काम करता है।

कार्नर न्यूज

## आसान से वास्तु उपाय अपना कर राहत महसूस कर सकते हैं आप और बच्चे

# बच्चों का भी पढ़ाई में नहीं लगता है मन तो वास्तु के उपाय आएंगे काम, निखरेगा भविष्य

कई बार किसी कारण से बच्चे का मन पढ़ाई में नहीं लगता है, ऐसे में आपको कुछ आसान वास्तु उपाय आजमाने की सलाह दी जाती है। आइए जानें उन उपायों के बारे में जिनसे बच्चे को पढ़ने में आसानी हो सकती है। बच्चों का पढ़ाई में मन लगाना हर माता-पिता की प्राथमिकता होती है, लेकिन कई बार ऐसा देखा जाता है कि बच्चे पढ़ाई में रुचि नहीं लेते हैं या उनमें एकाग्रता की कमी महसूस दिखाई देती है। इसका एक कारण आपके घर का वास्तु दोष भी हो सकता है। सही वास्तु नियमों का पालन करके बच्चों की शिक्षा में सुधार किया जा सकता है और वास्तु दोषों को दूर करने के कारण बच्चे का पढ़ाई में मन भी लगता है। अगर आपके बच्चे का भी पढ़ाई में मन नहीं लगता या वह किसी वजह से अच्छे अंक नहीं ला पा रहा है, तो इसकी वजह आपके घर का वास्तु दोष हो सकता है और इसे तुरंत दूर करने की आवश्यकता होती है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पढ़ाई और एकाग्रता पर घर के वातावरण और विशेष रूप से स्टडी रूम की दिशा का गहरा प्रभाव पड़ता है। सही दिशा में बैठकर अध्ययन करने, सही रंगों का उपयोग करने और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने से बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ सकती है। आइए



सेलेब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी से जानें उन वास्तु उपायों के बारे में जो आपके बच्चे की पढ़ाई में मदद कर सकते हैं।

### सही दिशा में बैठकर पढ़ाई करें

बच्चों की एकाग्रता और शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए सही दिशा में स्टडी टेबल रखना बेहद जरूरी माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, पढ़ाई के लिए पूर्व या उत्तर दिशा को सबसे शुभ माना गया है। पूर्व दिशा विद्या और ज्ञान का प्रतीक होती है, जो बच्चों की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती है। वहीं, उत्तर दिशा सकारात्मक ऊर्जा और स्थिरता प्रदान करती है, जिससे बच्चों का मन पढ़ाई में अधिक लगता है।

अगर स्टडी टेबल सही दिशा में नहीं होती है तो बच्चे को पढ़ाई में एकाग्रता बनाए रखने में परेशानी होती है और वह जल्दी पढ़ाई से ऊब सकता है। इसलिए, स्टडी टेबल को पूर्व या उत्तर दिशा में इस तरह रखना चाहिए कि पढ़ते समय बच्चे का मुख इन दिशाओं की ओर हो। बच्चे के स्टडी रूम में यह छोटा सा बदलाव बच्चों के अध्ययन में रुचि बढ़ा सकता है और उनकी स्मरण शक्ति को भी मजबूत कर सकता है। सही दिशा में बैठकर पढ़ाई करने से न केवल उनका ध्यान केंद्रित रहेगा, बल्कि वे अच्छे अंक भी प्राप्त कर सकते हैं।



### स्टडी टेबल को अस्त-व्यस्त न रखें

बच्चों की पढ़ाई में एकाग्रता बनाए रखने के लिए सिर्फ सही दिशा ही नहीं, बल्कि स्टडी टेबल का साफ-सुथरा और व्यवस्थित होना भी बेहद जरूरी है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, बिखरी हुई और अस्त-व्यस्त स्टडी टेबल नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाती है, जिससे बच्चे का मन पढ़ाई में नहीं लगता। जब टेबल पर किताबें, कॉपियां, पेन, और अन्य चीजें बेतरतीब तरीके से रखी जाती हैं, तो यह अव्यवस्था उनके दिमाग पर भी असर डालती है और वे पढ़ाई से जल्दी ऊब जाते हैं।

इसके विपरीत, अगर स्टडी टेबल को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखा जाए, तो यह सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है और बच्चे की स्मरण शक्ति में सुधार करता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया आरोप, ब्रेनवाश की उठाई बात



अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे।

वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने डिडी को बेमतलब अच्छा इंसान क्यों कहा और उसे जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया, तो मिया ने साफ कहा, 'क्योंकि मैं अब भी मानसिक रूप से उसके प्रभाव में थी।' मिया ने कहा कि डिडी की चमकदार दुनिया के पीछे गहरे अंधेरे थे। उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्हें डिडी के साथ काम करने में गर्व महसूस होता था।

### टॉलीवुड

## 'सूर्या 46' की शूटिंग हुई शुरू, फिल्म में दिखेगा भरपूर फैमिली ड्रामा



साउथ स्टार सूर्या की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का अस्थाई नाम 'सूर्या 46' है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है, जिसकी जानकारी खुद फिल्म मेकर्स ने एक पोस्टर के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर दी है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग के बारे में भी अहम जानकारी शेयर की है।

सूर्या ने हाल ही में तेलुगु निर्देशक वेंकी एटलुरी के साथ एक नई फिल्म साइन की है, जिनकी पिछली फिल्म लकी बस्कर हिट रही थी। इस फिल्म को हैदराबाद में एक पूजा समारोह के साथ शुरू किया गया। अब निर्माताओं ने बताया है कि हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। सूर्या और फिल्म के बाकी मुख्य कलाकार सेट पर काम शुरू कर चुके हैं और पहला शेड्यूल कुछ दिनों तक चलेगा।

फिल्म सूर्या 46 में एक्टर सूर्या के अलावा प्रेमालु फेम ममिता बैजू इस भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा में अहम किरदार निभाएंगी। यह फिल्म बड़े पैमाने पर बन रही है और इसका निर्माण सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज मिलकर कर रहे हैं। फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने तैयार किया है।

### भोजपुरी

## 'कुस्ती' के पोस्टर में दिखा जबरदस्त जलवा, अंजना बनी 'धाकड़ गर्ल'



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस अंजना सिंह अब पर्दे पर 'धाकड़ गर्ल' के रूप में नजर आएंगी। उनकी अगली फिल्म का नाम 'कुस्ती' है और इसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिवील कर दिया गया है। इसमें अंजना को कुश्ती करते हुए देखा जा सकता है। वो विरोधी को धोबी पछाड़ दे रही हैं। भोजपुरी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस अंजना सिंह एक बार फिर से दर्शकों के सामने एक बिल्कुल नए अंदाज में हाजिर होने जा रही हैं। उनकी अपकमिंग मूवी 'कुस्ती' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें वे जमीन पर विरोधी को चित करती नजर आ रही हैं। इस दमदार अवतार में हिंदी फिल्मों की तरह भोजपुरी सिनेमा में अंजना सिंह की छवि 'धाकड़ गर्ल' के रूप में उभरकर सामने आई है। भोजपुरी फिल्म 'कुस्ती' एक नई और मनोरंजक कहानी के साथ तैयार की गई है, जिसमें एक्शन, फन और ड्रामा सबकुछ है। निर्देशक देव पाण्डेय के अनुसार, यह फिल्म दर्शकों को रोमांच से भरपूर अनुभव देगी और भोजपुरी सिनेमा को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। प्रोड्यूसर प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह ने बताया कि 'कुस्ती' सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि एक सामाजिक संदेश और मनोरंजन का ज़रिया है। उन्होंने अंजना सिंह को 'धाकड़ गर्ल' बताते हुए कहा कि यह फिल्म उनके करियर की एक अहम मील का पत्थर साबित होगी।

फिल्म में अंजना सिंह के अलावा जय यादव, देव सिंह, सुशील सिंह, मनोज टाइगर, प्रकाश जैस, जे. नीलम, विनोद मिश्रा, अमित शुक्ला, कनचन मिश्रा, विद्या सिंह, निश्रा सिंह समेत कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। चाइल्ड आर्टिस्ट आर्यन बाबू और अदिति सिंह भी फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कुस्ती को वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित किया गया है।

### मनीष का कलेक्शन

जाने माने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के कलेक्शन पूरी दुनिया में धूम मचाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने दुबई में पैंटसूट का कलेक्शन पेश किया। यह एक ऐसा टुकड़ा जो बिना कुछ कहे बहुत कुछ कह रहा था। शानदार कपड़ों से तैयार किया गया जो सहज था। ये पैंटसूट न केवल पहनने के लिए बल्कि रहने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।



लाइफ स्टाइल

## चेहरे पर लगाएं आंवला और चुकंदर से बना फेस पैक, निखरी नजर आएगी त्वचा

चेहरे पर आंवला और चुकंदर लगाने से त्वचा में निखार आता है। इसलिए आप एक्सपर्ट की राय लेकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे त्वचा की गहराई से सफाई हो सकती है। त्वचा की गहराई से सफाई करने के लिए हम अक्सर कई सारी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। बाजार के फेस पैक को लाकर लगाते हैं। लेकिन इसके बाद भी चेहरे पर ज्यादा समय के लिए निखार नजर नहीं आता है।

ऐसे में आप आंवला और चुकंदर का फेस पैक चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी स्किन की गहराई से सफाई हो जाएगी। साथ ही, त्वचा में नेचुरल ग्लो दिखाई देगा। ब्यूटी एक्सपर्ट रजनी निगम ने इस नुस्खे को हमारे साथ शेयर किया। साथ ही, चुकंदर और आंवला का फेस पैक लगाने का फायदा बताया।

### चेहरे पर आंवला और चुकंदर लगाने के फायदे

चेहरे पर आंवला और चुकंदर को लगाने से आपकी त्वचा को भरपूर मात्रा में विटामिन सी आयरन, फॉलिक एसिड और एंटीऑक्सीडेंट गुण प्राप्त होते हैं। इसलिए आप इन दोनों चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे स्किन को डिटॉक्स, ब्लैकहेड्स और पिगमेंटेशन जैसी समस्याओं को कम करता है। साथ ही, चेहरे पर गुलाबी निखार लाता है। इसलिए एक्सपर्ट भी इसके इस्तेमाल की सलाह देते हैं।



### चेहरे पर आंवला और चुकंदर के फेस पैक को कैसे लगाएं

इसके लिए आपको एक कटोरी में 2 चम्मच आंवला पाउडर लेना है। इसमें आपको चुकंदर को पीसकर उसका रस निकालना है। फिर इसे आंवला पाउडर में डालना है। इसके बाद इसका फेस पैक लगाएं और चेहरे पर ब्रश की मदद से लगाएं। करीब 10 मिनट के लिए इसे सूखने दें।फिर पानी से चेहरे को साफ करें। इससे त्वचा साफ नजर आएगी। चुकंदर आंवला के फेस पैक को लगाने से पहले कुछ जरूरी बातों का रखें ध्यान। इस फेस पैक को संसेटिव स्किन पर अप्लाई न करें। फेस पैक को पिंपल्स या दाने पर अप्लाई न करें। अगर आपको स्किन पर टैनिंग हो रही है, तो इसका इस्तेमाल कम करें। चेहरे पर स्किन पर किसी भी चीज को लगाने से पहले एक्सपर्ट राय लें।

## ऑफिस में पहनें ट्रेंडी लेस वर्क कुर्ता सेट, महसूस होगा आराम



वर्किंग वुमन को सबसे ज्यादा दिक्कत कपड़ों को चूज करने में होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि एथनिक से लेकर वेस्टर्न आउटफिट के अलग-अलग डिजाइन कई बार स्टाइल करने के लिए समझ नहीं आते हैं। ऐसे में आप लेस वर्क वाले कुर्ता सेट को वियर करें। लेस वर्क कुर्ता सेट पहनने के बाद क्लासी और एलीगेंट लगते हैं। इससे लुक भी काफी प्रोफेशनल लगता है। आप भी इन्हें ट्राई कर सकती हैं। आर्टिकल में बताते हैं किस तरह के लेस वर्क वाले सूट को वियर कर सकती हैं।

### फ्लोरल लेस वर्क वाले कुर्ता सेट

कुर्ता सेट में आप फ्लोरल लेस वर्क वाले ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के कुर्ता सेट में नीचे की तरफ लेस वर्क मिलता है। साथ ही, स्लीव्स पर भी आपको लेस का डिजाइन मिलेगा। इससे कुर्ता काफी अच्छा लगेगा। इसके साथ मिलने वाली पैंट प्लेन मिलेगी। दुपट्टा आप इसके साथ प्रिंटेड या प्लेन वियर करें। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा।



### लेस वर्क कुर्ता सेट

आप अगर सिंपल लेस वर्क वाले कुर्ता सेट को वियर करना चाहती हैं, तो इस फोटो में नजर आने वाले लेस वर्क वाला पैटर्न आपको काफी पसंद आएगा। इसमें नेकलाइन, कुर्ती के नीचे वाले हिस्से, पैंट और दुपट्टे में ज्योमेट्रिकल पैटर्न वाली लेस वर्क कुर्ता सेट को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा।

### कटवर्क डिजाइन वाली लेस वर्क कुर्ता सेट

लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए कटवर्क डिजाइन वाली लेस वर्क कुर्ता सेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के कुर्ता सेट में लेस वर्क नीचे के डिजाइन, पैंट और दुपट्टे में मिलता है। इस तरह के कुर्ते सेट की नेकलाइन सिंपल होती है। इससे लुक अच्छा लगेगा।

## बालों में कराया है महंगा केमिकल ट्रीटमेंट तो कुछ दिन बरतें सावधानी

अगर आपने अपने बालों पर कोई महंगा केमिकल ट्रीटमेंट जैसे स्ट्रेटनिंग, स्मूदनिंग, कलरिंग, पर्मिंग या केराटिन आदि कुछ कराया है, तो उसे मेनटेन रखने के लिए आपको किन-किन चीजों से बचना चाहिए, यह जानना भी बहुत जरूरी है।



### विटामिन-सी युक्त घरेलू उपाय

केमिकल ट्रीटमेंट के बाद बालों विटामिन-सी युक्तन कोई भी चीज लगाने से वह केवल खराब ही होंगे। कई बार केमिकली ट्रीटेड बालों में डैंड्रफ और ड्राई स्कैयल्पन की प्रॉब्लनम हो जाती है। इसे दूर करने के लिए विशेषज्ञ आपको कुछ खास प्रोडक्ट्सड बता सकते हैं। मगर आप यदि घर में ही बालों में नींबू , संतरा ,आंवला और टमाटर जैसी चीजों से बने घरेलू नुस्खों को अपनाने लगती हैं, तो आपके बालों को नुकसान पहुंच सकता है। इससे आपके बालों में हुआ ट्रीटमेंट खराब हो जाता है। आपके बाल फेड हो सकते हैं या फिर और भी ज्यादा रफ हो सकते हैं।

### कठोर हेयर क्लींजर्स का उपयोग

कठोर हेयर क्लींजर्स का मतलब है ऐसे शैम्पू या क्लींजर्स जिनमें सल्फेट्स, पैराबेन्स और अन्य कठोर रसायन अधिक मात्रा में होते हैं। ये रसायन बहुत झाग बनाते हैं और बालों से तेल और गंदगी को बहुत प्रभावी ढंग से हटाते हैं। मगर इससे आपके बाल बहुत ज्यातदा ड्राई हो जाते हैं। केमिकल ट्रीटमेंट के दौरान जो हेयर बॉडिंग होती है, वो भी इनसे प्रभावित होती है। ऐसे में आपके बाल बेजान और फ्रिजी हो सकते हैं।

बेस्टन है कि आप बालों में नारियल का तेल लगाएं। ऐसे बालों में कैस्टकर ऑयल भूल से भी न लगाएं, इन्हें‍म वॉश आउट करना मुश्किल होता है।

## विटामिन ई कैप्सूल को रातभर चेहरे पर लगाने से होते हैं फायदे

विटामिन ई कैप्सूल स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। इससे नेचुरली निखार चेहरे पर आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि विटामिन ई कैप्सूल स्किन की गहराई से सफाई करता है। लेकिन क्या चेहरे पर इसका इस्तेमाल रात के समय करना अच्छा होता है। इसके बारे में डॉक्टर स्वाति ने जानकारी दी। साथ ही, इसे चेहरे पर लगाने के फायदे बताए। आर्टिकल में जानते हैं विटामिन ई कैप्सूल लगाने से क्या होता है।

**विटामिन ई कैप्सूल को रातभर चेहरे पर लगाने के तीन फायदे**-विटामिन ई कैप्सूल चेहरे पर लगाने के कई सारे फायदे होते हैं। साथ ही, इसके इस्तेमाल से आपको पार्लर जानें की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही, आपके चेहरे पर नेचुरल निखार आएगा।

**विटामिन ई कैप्सूल से त्वचा पर बनी रहती है नमी**- विटामिन ई कैप्सूल में नेचुरल मॉइश्चराइजर होता है। इसे जब आप रात के समय लगाकर रखते हैं, तो इससे त्वचा गहराई से साफ हो जाती है। साथ ही, चेहरे पर मौजूद ड्राईनेस भी कम हो जाती है। इसके लिए आपको चेहरे पर विटामिन ई कैप्सूल लगाना है और पूरी रात के लिए लगा रहने देना है। सुबह उठकर



चेहरे को साफ करें। इससे आपका चेहरा हाइड्रेट रहेगा।

**विटामिन ई कैप्सूल से डार्क स्पॉट और दाग-धब्बे हो सकते हैं हल्के**- स्किन पर डार्क स्पॉट या दाग धब्बे होते हैं, तो उन्हें कम करने के लिए विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन रिपेयर हो जाती है। साथ ही, आपके दाग भी हल्के हो सकते हैं। लेकिन इसका इस्तेमाल आपको नियमित रूप से करना होगा। तभी इसका फायदा चेहरे पर नजर आएगा। साथ ही, आपकी स्किन ग्लोइंग नजर आएगी।

### कार्नर न्यूज

### खूबसूरत दिखने की होड़ में याद रखें सही-गलत में फर्क

## खूबसूरती से जुड़े ये मिथ लोगों को लगते हैं सही, कहीं आप भी तो नहीं हैं उलझन में

आज के समय में दमकती त्वचा के लिए लोग महंगे-महंगे स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं, और घरेलू नुस्खे भी आजमाते हैं। कई बार तो ऐसा होता है कि खूबसूरत दिखने की होड़ में वो सही गलत में फर्क भी भूल जाते हैं। इस कारण कई तरह के मिथ यानी कि अफवाहें भी जन्म लेने लगती हैं। दरअसल, लोग जितना ज्यादा अपनी स्किन पर ध्यान देने लगे हैं, उतना ही ज्यादा अब स्किन के जुड़े मिथ भी बढ़ने लगे हैं। इसी के चलते हम आपको कुछ खूबसूरती से जुड़ी कुछ ऐसी बातें बताएंगे, जिसपर शायद आप भी भरोसा कर बैठे होंगे। इन शंकाओं को क्लीयर करना काफी जरूरी है। तो चलिए, आज हम आपको ऐसी ही कुछ बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी अपने मन के डाउट को क्लीयर कर सकें।

### मिथ- व्हाइटनिंग क्रीम से रंग गोरा होता है

**फैक्ट** - बाजार में भले ही तमाम तरह की व्हाइटिंग क्रीम मिलती हैं, लेकिन ये बात आपको समझ लेनी चाहिए, कि कोई भी



क्रीम रंग गोरा नहीं करती है। कई तरह की क्रीम सिर्फ आपकी त्वचा की टोन को एक शेड लाइट कर देती हैं, जिससे रंग निखरा हुआ दिखता है। स्किन टोन को लाइट भी सिर्फ डीप क्लींजिंग से किया जा सकता है, लेकिन इससे रंग कभी गोरा नहीं होता।

**मिथ- महंगे प्रोडक्ट ज्यादा असरदार होते हैं :** फैक्ट- असल बात ये है कि अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट महंगे आते हैं, लेकिन ये जरूरी नहीं है कि सस्ती चीज खराब ही हो। कई बार सस्ता स्किन केयर प्रोडक्ट भी स्किन को सूट कर जाता है और चेहरे को निखार देता है, जबकि कई बार महंगे प्रोडक्ट से हालत काफी खराब हो जाती है। सबसे अहम बात है कि ये प्रोडक्ट आपकी स्किन टाइप के हिसाब से होना चाहिए, तभी फायदेमंद होता है।

### मिथ- मेकअप से त्वचा होती है खराबः

**फैक्ट**- घर की महिलाएं लड़कियों को ये कहकर मेकअप करने से मना करती हैं, कि इससे स्किन खराब हो जाती है, जबकि ऐसा नहीं है। दरअसल, सही तरीके से मेकअप किया जाए और उसे अच्छी तरह साफ करें तो स्किन



को नुकसान नहीं होता। बल्कि इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे की खूबसूरती बढ़ जाती है।

### मिथ- बार-बार चेहरा धोने से स्किन साफ रहती है

फैक्ट- यदि आप किसी सलाह पर बा-बार अपना चेहरा धोते हैं तो इससे आपकी स्किन साफ हो या न हो, इसकी वजह से चेहरे की प्राकृतिक नमी खोने लगती है। जिस कारण चेहरा काफी ड्राई होने लगता है। हकीकत में दिन में 2 बार फेसवॉश काफी है।

### मिथ- स्किन केयर सिर्फ महिलाएं करती हैं

फैक्ट- स्किन केयर का सीधा सा मतलब है अपनी त्वचा का ध्यान रखना। इसका पुरुष और महिलाओं से किसी तरह का कोई संबंध नहीं होता है। हर किसी को अपनी स्किन का ध्यान रखना चाहिए। पुरुषों को भी मॉइश्चराइजर, सनस्क्रीन और फेसवॉश का इस्तेमाल करना चाहिए।